हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




*भिलाई के वैशाली नगर में 8 महीने तक किराये का कमरा लेकर रहने वाले हिमांशु आहूजा उर्फ हनी के भाई सौरभ की जयपुर स्थित 5-स्टार होटल में शादी के दिन रायपुर से पहुंची ईडी की टीम ने छापा मारा। इस मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।*

# महादेव सट्टे में बड़ा एक्शन, 200 करोड़ की शादी में ईडी ने मारा छापा, दूल्हा फरार, दुबई से भी आए थे मेहमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

हनी महादेव ऑनलाइन सट्टा एप से जुड़ा हुआ है। उसका छोटा भाई सौरभ भी महादेव सट्टा से जुड़कर दुबई में सौरभ चंद्राकर के लिए काम कर रहा था। बीते दो से तीन सालों में उसने इतना पैसा कमाया कि गोवा में रिसॉर्ट से लेकर भोपाल में आलीशान घर बना लिया है। इतना ही नहीं, जयपुर राजस्थान के कूकस स्थित होटल फेयर माउंट में सौरभ की शादी प्रोग्राम रखा गया। सूत्रों से पता चला कि सौरभ की शादी में 200 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे थे। इसमें दुबई से लगभग 200 महादेव सट्टा एप से जुड़े लोग पहुंचे थे। साथ ही भिलाई और रायपुर से 50 से अधिक लोग वहां पहुंचे थे। इसकी जानकारी रायपुर स्थित ईडी की टीम को हुई। ईडी की टीम ने बुधवार ▶▶| शेष पेज 8 पर



## छापेमारी के दौरान दूल्हा फरार, कई गिरफ्तार

इस शादी में भिलाई से एक मेडिकल स्टोर का संचालक सहित कई बड़े व्यापारी पहुंचे थे, जो महादेव के काले पैसे को सफेद करने का काम कर रहे थे। इसके साथ ही जो बड़े महादेव पैनल चलाने वाले हैं, वो भी वहां पहुंचे थे। ईडी ने जब रेड मारी तो 5-स्टार होटल के कमरे में अय्याशी करते कई लोग गिफ्तार हुए हैं। वहीं दूल्हा सौरभ अहूजा मौके से फरार हो गया है।

## वैशाली नगर में 8 माह रहे किराये के घर पर

हनी अहूजा और सौरभ अहूजा भोपाल मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। इनकी स्थिति काफी दयनीय थी। इस पर इसके भिलाई वैशाली नगर में रहने वाले दोस्त नेपू सिंधी ने इन्हें भिलाई बुलाया। यहां ये लोग 8 माह तक किराये का घर लेकर रहे और धीरे धीरे महादेव का पैनल चलाने लगे। इसके बाद सौरभ चंद्राकर से अच्छा परिचय होने पर उसने इन्हें दुबई बुलाया और अपने ब्रांच के कारोबार को संभालने की जिम्मेदारी दी।

## *शाही शादी की बात पुरानी*

*महादेव सट्टा एप से जुड़े आरोपियों की शाही शादी हमेशा चर्चा में रही है। प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की फरवरी 2023 में शाही शादी की थी। शादी समारोह में सौरभ चंद्राकर ने 200 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किया था। शादी में परिवार के सदस्यों के अलावा छत्तीसगढ़ से 200 लोगों को नागपुर से यूएई तक ले जाने के लिए निजी जेट किराए पर लिए गए थे। वेडिंग प्लानर, डांसर, डेकोरेटर आदि को मुंबई से काम पर रखा गया था। जिन लोगों को काम पर रखा था, उन लोगों को हवाला के जरिए भुगतान किया गया था। शादी समारोह में शामिल होने रायपुर, भिलाई के कई बड़े कारोबारी, नौकरशाह तथा महादेव सट्टा एप से जुड़े लोग स्पेशल जेट से यूएई पहुंचे थे।*

---

## खबर संक्षेप

### बिल्डर ने की आत्महत्या दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक बिल्डर को कथित तौर पर धमकाने और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया। यहां नालासोपारा इलाके में मंगलवार को बिल्डर जयप्रकाश चव्हाण अपने आवास में फंदे से लटका मिला था। सुसाइड नोट में आरोप लगाया गया है कि तीनों व्यक्तियों ने चव्हाण को धमकाया, अपमानित किया।

### हॉस्टल की बालकनी से गिरकर छात्र की मौत



**झांसी।** झांसी स्थित एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के छात्रावास की बालकनी से कथित तौर पर गिरकर एक एमबीबीएस छात्र की मौत हो गई। 2022 बैच का द्वितीय वर्ष का छात्र सार्थक खन्ना (22) मंगलवार रात लखनऊ स्थित अपने घर से हॉस्टल लौटा था। वह मेडिकल कॉलेज के पटेल हॉस्टल में रह रहा था।

### ट्रक पलट जाने से तीन कांवड़ियों की गई जान




**नई टिहरी।** टिहरी जिले में बुधवार को कांवड़ियों को ले जा रहे एक ट्रक के पलट जाने से उसपर सवार तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य घायल हो गए। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले से 21 कांवड़ियों का समूह उत्तरकाशी जिले के हर्षिल जा रहा था और इस दौरान यह दुर्घटना हो गई। मृतकों की पहचान विक्की, सुनील सैनी और संजय के रूप में हुई है।

### अंतरराज्यीय ऑक्सीटोसिन गिरोह का भंडाफोड़



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विशेष कार्यबल ने ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की अवैध तस्करी और आपूर्ति में कथित रूप से शामिल अंतरराज्यीय गिरोह के तीन संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया। लखनऊ के काकोरी थानाक्षेत्र में छापेमारी के दौरान लगभग 5,87,880 मिलीलीटर ऑक्सीटोसिन जब्त किया।

---

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा : 19 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों में स्टडी

# 40 दिनों में हार्ट अटैक से 20 की मौत इधर, दावा- कोविड टीके से संबंध नहीं

*कर्नाटक में कथित रूप से 40 दिनों में हार्ट अटैक से मौत पर सीएम सिद्धारमैया ने आरोप लगाया कि कोविड वैक्सीन को जल्दबाजी में मंजूरी देना और लोगों को बांटना भी दिल के दौरे से हुई मौतों का कारण हो सकता है। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि युवाओं में हो रहे हार्ट अटैक और कोरोना वैक्सीन के बीच कोई संबंध नहीं है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक और अस्पष्ट कारणों से मौत के मामलों की जांच की गई है। इन अध्ययनों से यह निर्णायक रूप से स्थापित हो गया है कि कोविड-19 टीकाकरण और अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। उसने कहा कि आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र द्वारा किए गए अध्ययनों से पुष्टि होती है कि भारत में कोविड-19 टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं तथा इनके गंभीर दुष्प्रभाव के मामले बेहद कम ▶▶| शेष पेज 8 पर

- 18 से 45 साल के लोगों पर हुई रिसर्च

### भारत में दो कोविड वैक्सीन ▪ कोवैक्सिन ▪ कोविशील्ड

**पहला रिसर्च**

एक अध्ययन पूर्ववर्ती डेटा पर आधारित था, जबकि दूसरा वास्तविक समय की जांच पर केंद्रित था। इस अध्ययन को मई से अगस्त 2023 के बीच देश के 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 47 तृतीयक स्तर के अस्पतालों में किया गया।

**दूसरा रिसर्च**

दूसरे अध्ययन का शीर्षक है युवाओं में अचानक मौत के कारणों की पहचान। इस अध्ययन को वर्तमान में एम्स, नयी दिल्ली द्वारा किया जा रहा है।



### क्या कहा था कर्नाटक के सीएम ने

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा है कि अकेले हासन जिले में ही पिछले महीने दिल के दौरे से 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। जल्दबाजी में कोविड टीके को 'हड़बड़ी में मंजूरी देना और लोगों को लगाना' भी इन मौतों का एक कारण हो सकता है।उन्होंने 'एक्स' पर कहा, राज्य सरकार इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है।

### एक्सपर्ट व्यू

**लाइफ स्टाइल जिम्मेदार**

दिल्ली के राजीव गांधी अस्पताल में कार्डियोलॉजी विभाग में डॉ. अजीत जैन बताते हैं कि अचानक हुई कार्डियक मौतों में वैक्सीन की भूमिका नहीं बल्कि कोरोना वायरस का प्रभाव और लाइफ स्टाइल कारण ज्यादा जिम्मेदार हो सकते हैं। डॉ. जैन कहते हैं कि इसके अलावा भी हार्ट डिजीज के मामले बढ़ने के कई कारण हैं। इनमें मानसिक तनाव, नींद की कमी और जंक फूड खाने का चलन बढ़ना, स्मोकिंग भी बड़ा रिस्क फैक्टर है। अजीत कहते हैं कि आईसीएमआर और डीजीएचएस (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज) ने साफ किया है कि कोविड वैक्सीन पूरी तरह से सेफ हैं।

---

मदिरा प्रेमियों के उड़े होश

## *देशी शराब की बोतल शोले में निकली छिपकली और मकड़ी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

प्रदेशभर में शराब प्रेमियों को सस्ती दर पर शराब की बोतल उपलब्ध कराने के लिए बेची जा रही शोले ब्रांड की बोतल में कीड़ा पाया गया है। राजनांदगांव जिले के दो अलग-अलग इलाकों से महज 24 घंटे के भीतर सामने आई दो मामलों ने शराब प्रेमियों के भी होश उड़ा दिए हैं, जहां एक बोतल से छिपकली निकली है। वहीं छुरिया में शराब की बोतल में मृत मकड़ी देखने को मिली। दोनों ही मामलों के फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में सरकार ही शराब दुकानों का संचालन करती है। ▶▶| शेष पेज 8 पर



### शराब की अवैध बॉटलिंग का भी मामला

ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में ही शराब की अवैध बॉटलिंग का मामला भी पिछले दिनों सामने आया था। इसके अलावा नकली शराब बनाने का भी एक मामला गंडई में सामने आ चुका है।

---

## न एफआईआर- न अफसरों की अनुमति, आरोपी को किया गिरफ्तार, टीआई सहित दो सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

व्यापारी से 4 लाख रूपए में डील कर बिना अपराध दर्ज किए ही आरोपी को पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार करना कुसमी थाने में पदस्थ दो प्रधान आरक्षकों को महंगा पड़ गया। थाना प्रभारी के इशारे पर गैरकानूनी तरीके से पश्चिम बंगाल के बड़े व्यापारी को पकड़ने गए पुलिसकर्मियों को स्थानीय पुलिस ने ही थाने में बैठा लिया और उनसे पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने बलरामपुर एसपी से संपर्क कर इस पूरे प्रकरण की ▶▶| शेष पेज 8 पर




### की गई है कार्रवाई

मेरे संज्ञान में आने के बाद एक्शन लिया गया है। वहां के डीसीपी से मेरी बात हुई। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। इस तरह की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले की जांच चल रही है।

**वैभव बैंकर रमनलाल**
एसपी बलरामपुर

### शिकायत के बाद बैठाया गया थाने में

बताया जा रहा है कि गैरकानूनी तरीके से बिना कोई अपराध दर्ज किए ही व्यवसायी को गिरफ्तार कर छत्तीसगढ़ लेकर जाने की शिकायत व्यवसायी के भाई ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल पुलिस से की। इस दौरान स्थानीय पुलिस ने दोनों आरक्षकों को पकड़ लिया और थाने में बैठाकर उनसे पूछताछ की। दोनों पुलिसकर्मियों के बयान अलग अलग होने पर आसनसोल के डीएसपी ने एसपी बलरामपुर से सम्पर्क किया और उन्हें पूरी जानकारी दी। एसपी के हस्तक्षेप के ▶▶| शेष पेज 8 पर

---

निर्वाचन आयोग का नया फैसला

## सिर्फ पार्टी प्रमुखों से ही बैठक करेगा ईसी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने विभिन्न दलों की ओर से 'अनधिकृत' व्यक्तियों द्वारा 'बार-बार और अलग-अलग' बैठक के अनुरोध किए जाने के बीच बुधवार को फैसला किया कि वह केवल राजनीतिक दलों के प्रमुखों से इस तरह के संवाद का संज्ञान लेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले कई व्यक्ति बिहार में ▶▶| शेष पेज 8 पर

### सीईसी से मिलेंगे राजद, माकपा और भाकपा के नेता

राष्ट्रीय जनता दल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लिबरेशन के नेता बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा उठाएंगे।

दिल्ली एम्स में ली अंतिम सांस

## छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त का निधन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल डॉ. शेखर दत्त का बुधवार को 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बताया जा रहा है कि तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

### छत्तीसगढ़ के चौथे राज्यपाल

डॉ. शेखर दत्त छत्तीसगढ़ के चौथे राज्यपाल रहे। उनका कार्यकाल 23 जनवरी 2010 से 14 जुलाई 2014 तक रहा। उनके निधन से प्रशासनिक सेवा और देश की सुरक्षा व्यवस्था में एक अनुभवी मार्गदर्शक का अवसान हुआ है।




---

सरकार ने कैब कंपनियों को 'व्यस्त समय' में दी अनुमति

## उबर, ओला और रैपिडो पीक ऑवर में ले सकेंगी दोगुना किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर




सड़क परिवहन मंत्रालय ने उबर, ओला और रैपिडो जैसी कैब सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों (कैब एग्रीगेटर) को 'पीक ऑवर' (व्यस्त समय) के दौरान आधार मूल्य का दोगुना तक किराया वसूलने की अनुमति दे दी है। अभी तक यह डेढ़ गुना है। गैर व्यस्त समय के लिए किराया आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत होना चाहिए। सड़क परिवहन एवं ▶▶| शेष पेज 8 पर

### कैंसिल करने पर ऐसे है जुर्माने का नया नियम

ड्राइवर कैंसिल करे तो : अगर ड्राइवर ऐप पर राइड स्वीकार करने के बाद बिना कोई ठोस कारण बताए यात्रा कैंसिल कर देता है, तो उस पर किराए का 10% या अधिकतम 100 रुपए का जुर्माना लगेगा। यह जुर्माना ड्राइवर और कंपनी के बीच बांटा जाएगा। अगर यात्री बुकिंग रद्द करता है, तो उससे भी ऐसा ही जुर्माना लिया जाएगा।

### बेस किराया कौन तय करेगा?

अब ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सी भी इन नियमों के दायरे में आ गए हैं। राज्य सरकारें अलग-अलग तरह की गाड़ियों (टैक्सी, ऑटो, बाइक टैक्सी) के लिए बेस किराया तय करेंगी। उदाहरण के लिए, दिल्ली और मुंबई में टैक्सी का बेस किराया लगभग 20-21 रुपये प्रति किमी है, जबकि पुणे में यह 18 रुपये प्रति किमी है। अगर किसी राज्य ने बेस किराया तय नहीं किया है, तो कंपनियों को खुद बेस किराया तय करके राज्य सरकार को बताना होगा।

रेलवे स्टेशन में जनरल टिकट लेने के लिए यात्रियों को रोजाना लंबी कतारों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से लेकर देर शाम तक टिकट काउंटरों पर भीड़ बनी रहती है। एक ओर रेलवे प्रशासन यात्रियों को ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, लेकिन अब भी हजारों यात्री स्टेशन पहुंचकर काउंटर से ही टिकट खरीदना पसंद कर रहे हैं।

## भीड़ बढ़ी पर नहीं खुल रहे अतिरिक्त काउंटर

# चार काउंटर, हजारों यात्री, एक टिकट के लिए 40 मिनट वेट, लग रही लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्टेशन में लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए जनरल टिकट बिक्री के लिए आठ काउंटर बनाए गए हैं, लेकिन वर्तमान में केवल चार काउंटरों से ही टिकट जारी किए जा रहे हैं। रेलवे की ओर से समय-समय पर दावा किया जाता रहा है कि भीड़ बढ़ने की स्थिति में अतिरिक्त काउंटर खोले जाएंगे, लेकिन फिलहाल ऐसा नहीं किया जा रहा है। हरिभूमि टीम ने सोमवार दोपहर स्टेशन पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उस समय चारों सक्रिय काउंटरों पर प्रत्येक में 12 से 15 यात्री कतार में खड़े थे। यात्रियों को एक टिकट लेने में औसतन 30 से 40 मिनट का समय लग रहा था। स्थिति की गंभीरता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई यात्रियों की ट्रेन 10 से 15 मिनट में रवाना होने वाली थी, लेकिन भीड़ के कारण वे टिकट नहीं ले पाए और मजबूरन बिना टिकट के ही प्लेटफॉर्म की ओर बढ़ गए। स्टेशन परिसर में दो टिकट वेंडिंग मशीनें भी लगाई गई हैं, लेकिन वहां भी लंबी कतारें लगी हुई थीं। ऐसे में आपात स्थिति में यात्रियों के लिए टिकट लेना और भी मुश्किल हो गया है। यात्रियों की मांग है कि रेलवे प्रशासन अन्य काउंटर शुरू करे, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और यात्रियों को समय पर टिकट मिल सके।



### अस्थाई रूप से बंद हैं काउंटर

रेलवे स्टेशन में जनरल टिकट के लिए यात्रियों की भीड़ सुबह 10 बजे से शुरू हो जाती है, जो दोपहर 3 बजे तक लगातार बनी रहती है। इसके बाद शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक टिकट काउंटरों पर लंबी कतारें देखी जाती हैं।रेलवे प्रशासन द्वारा कुछ काउंटरों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, जिससे भीड़ के समय यात्रियों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि रायपुर स्टेशन में प्रतिदिन लगभग 20,000 से अधिक यात्री काउंटर से जनरल टिकट खरीदते हैं। वहीं, 30 से 40 प्रतिशत यात्री ऑनलाइन माध्यम से टिकट बुक कर रहे हैं, लेकिन काउंटर टिकट लेने वालों की संख्या अब भी बहुत अधिक बनी हुई है।

### टिकट मशीनों पर भी लग रही लंबी कतारें

रेलवे स्टेशन पर यदि सभी छह टिकट काउंटर सक्रिय कर दिए जाएं, तो जनरल टिकट के लिए लगने वाली लंबी कतारों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। वर्तमान में दो ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें स्टेशन परिसर में लगी हैं, लेकिन इनसे भी यात्रियों को अपेक्षित राहत नहीं मिल पा रही है।मशीनों की संख्या कम होने और भीड़ अधिक होने के कारण यात्रियों को वहां भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में कई यात्री समय पर टिकट नहीं मिलने के चलते मजबूरीवश बिना टिकट के ही ट्रेनों में सफर करने लगे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है।

## व्यवस्था सुधारने फैला दी अव्यवस्था! अब 25 जुलाई तक बांटी जाएंगी किताबें

# रात दो बजे तक किताबें स्कैन करते रहे शिक्षक, रायपुर डिपो में निजी स्कूलों का हंगामा, पापुनि ने बदला शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के निजी स्कूलों ने शासन से निशुल्क मिलने वाली किताबों को लेने से इनकार कर दिया है।ऐसा किताबों के बारकोड स्कैन नहीं होने के कारण किया गया है। रायपुर जिले में बुधवार को निजी स्कूलों ने जमकर नारेबाजी की। पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा तय शेड्यूल के मुताबिक, बुधवार को रायपुर जिले के निजी स्कूलों को किताबें वितरित की जानी थी। निजी विद्यालय तय वक्त पर भनपुरी स्थित डीपो पहुंच गए थे। यहां बारिश के मध्य निजी स्कूल के प्राचार्य और शिक्षक घंटों खड़े रहे। कई घंटे मशक्कत के बाद भी जब किताबों के बारकोड स्कैन नहीं हुए तो निजी विद्यालय भड़क गए। उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके पूर्व मंगलवार को

गरियाबंद जिले में निजी विद्यालयों में किताबों का वितरण किया जा रहा था। किताबें स्कैन होते-होते रात के 2 बज गए। कई स्कूल बुधवार तड़के पहुंच सके। व्याप्त अव्यवस्था को देखते हुए निजी स्कूलों ने अब किताबें उठाने से ही मना कर दिया है। दूसरी ओर, पापुनि ने किताब वितरण के लिए नया शेड्यूल बनाया है। इसके मुताबिक, किताब वितरण अब 25 जुलाई तक चलेगा।

### स्कैन ही नहीं हो रही किताबें, इसके बिना पुस्तक वितरण प्रतिबंधित



**तकनीकी खराबी**

किताबों के बारकोड तकनीकी खराबी के कारण स्कैन नहीं हो पा रहे हैं। हम बारकोड के ऊपर सही स्टीकर लगाकर स्कैनिंग की व्यवस्था कर रहे हैं।

**-डिगेश पटेल**
जीएम, पापुनि

**नहीं उठाएंगे किताबें**

हम पूरी रात बैठे रहे, फिर भी किताबें स्कैन नहीं हुई। हमारी क्या गलती है? गुरुवार से प्रदेश के किसी डीपो से कोई निजी स्कूल किताब नहीं उठाएगा।

**- राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल

### स्कूल में हो स्कैनिंग की सुविधा

निजी स्कूलों ने किताब वितरण का विरोध करते हुए मांग की है कि पाठ्यपुस्तक निगम किताबें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जिलों में उपलब्ध करवाए। सरकारी स्कूलों की किताबें संकुल में दी जाती है, लेकिन निजी स्कूलों के लिए पूरे प्रदेश में मात्र 7 डिपो बनाए गए हैं। इसके अलावा अशासकीय स्कूलों को किताबें अपने स्कूल में ले जाकर बारकोड स्कैन करने की सुविधा दी जाए क्योंकि निजी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बहुत ज्यादा है। 10-10 हज़ार किताबें मौके पर स्कैन कर पाना संभव नहीं है। गौरतलब है कि पिछले शैक्षणिक सत्र में किताबें रद्दी में मिली थी। इसके बाद मौजूदा शैक्षणिक सत्र से किताबों में स्कैनर लगाया गया है ताकि उनकी ट्रैकिंग हो सके।

## छात्रों को परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन के लिए विश्वविद्यालयों को निर्देश देने का कोई अधिकार नहीं

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने एक याचिका को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि कोई भी विद्यार्थी, जो एक साथ दो शैक्षणिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहा हो, उसे परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन के लिए विश्वविद्यालयों को निर्देश देने का कोई अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा है कि इस प्रकार का निर्देश देने की याचिका, रिट क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विचार योग्य नहीं है।

याचिकाकर्ता सत्येन्द्र प्रकाश सूर्यवंशी द्वारा दाखिल की गई थी। याचिका में छात्र खुद शामिल हुआ। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि वह एक साथ दो डिग्रियों की पढ़ाई कर रहा है। इसमें पं. सुंदरलाल शर्मा (ओपन) विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) और अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से एलएलबी (तृतीय वर्ष, द्वितीय सेमेस्टर) शामिल है। दोनों विश्वविद्यालयों द्वारा जारी अंतिम परीक्षा कार्यक्रम में चार विषयों की परीक्षा एक ही दिन और एक ही समय पर निर्धारित की गई है, जिससे उन्हें दोनों परीक्षाओं में सम्मिलित होना मुश्किल है।

### परीक्षा कार्यक्रमों पर स्थगन की मांग भी खारिज

याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा एक संशोधित अधिसूचना जारी कर दो डिग्रियों को एक साथ पढ़ने की अनुमति दी गई है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू करते हुए समावेशी शिक्षा पद्धति अपनाने का निर्देश दिया है। याचिका में कहा गया कि यह परीक्षा संघर्ष उनके संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। याचिका में कोर्ट से अपील की गई कि परीक्षा कार्यक्रमों पर स्थगन लगाए जाए। नोटिस के बाद राज्य और संबंधित विश्वविद्यालयों के अधिवक्ताओं ने याचिका का विरोध किया। सभी पक्षों की दलीलें सुनने और रिकॉर्ड का परीक्षण करने के पश्चात न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता को दो शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए अंतिम परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन हेतु उत्तरदायी अधिकारियों को निर्देश देने का कोई अधिकार नहीं है। इसलिए याचिका खारिज की जाती है।

## एक दिन की गैरहाजिरी पर कांस्टेबल को बर्खास्त कर दिया, हाईकोर्ट ने इसे गलत माना, बहाल करने का आदेश

**बिलासपुर।** पुलिस विभाग ने कांस्टेबल को एक दिन की गैरहाजिरी और नशे में थाने आने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया था। कांस्टेबल ने 23 जून 2007 को जारी आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने कहा है कि बिना मेडिकल या ब्लड टेस्ट के नशे का आरोप साबित नहीं होता। हाईकोर्ट ने बर्खास्तगी की सजा को गलत मानते हुए कांस्टेबल को सेवा में बहाल करने का आदेश दिया गया है। हालांकि कांस्टेबल को एक वेतनवृध्दि रोकने की सजा जरूर दी गई है। पुलिस विभाग के तहत डोंगरगढ़ में कार्यरत कांस्टेबल शंकर लाल 25 फरवरी 2007 को ड्यूटी से गैरहाजिर था। आरोप है कि उसी दिन वह थाने में नशे की हालत में आया और अधिकारियों से दुर्व्यवहार किया। इस पर 18 अप्रैल 2007 को आरोप पत्र जारी हुआ। जांच अधिकारी ने 3 जून 2007 को रिपोर्ट दी। इसमें कांस्टेबल को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के तहत दोषी पाया गया। रिपोर्ट 4 जून को कांस्टेबल को दी गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने 23 जून 2007 को सेवा से बर्खास्त कर दिया। कांस्टेबल ने इस आदेश के खिलाफ पुलिस महानिरीक्षक के पास अपील की। यह 2 नवंबर 2015 को खारिज हो गई। इसके बाद उसने दया याचिका दी, जिसे 27 फरवरी 2016 को खारिज कर दिया गया। इसी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी।

### नशे के आरोप के लिए मेडिकल टेस्ट जरूरी

याचिका में कहा कि एक दिन की गैरहाजिरी पर इतनी बड़ी सजा नहीं दी जा सकती। नशे के आरोप की पुष्टि के लिए न तो मेडिकल जांच हुई, न ही ब्लड टेस्ट। केवल गंध परीक्षण के आधार पर आरोप साबित करना गलत है। उसने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला दिया। वहीं राज्य सरकार ने कहा कि जांच में कांस्टेबल का कदाचार साबित हुआ है, इसलिए बर्खास्तगी उचित है। हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर याचिका आंशिक रूप से स्वीकार की है। हाईकोर्ट ने माना कि कांस्टेबल की एक दिन की गैरहाजिरी का आरोप सही है लेकिन नशे में होने का आरोप केवल पंचनामा और गंध परीक्षण पर आधारित है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि बिना मेडिकल या ब्लड टेस्ट के नशे का आरोप साबित नहीं होता। हाई कोर्टने बर्खास्तगी की सजा को बदलते हुए कांस्टेबल को एक वेतनवृद्धि रोकने की सजा दी है।

## पत्नी ने 22 साल बाद मांगा भरण-पोषण हकदार नहीं माना, याचिका खारिज



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने 22 साल बाद पति से भरण पोषण की मांग को लेकर दायर महिला की याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि इतने लंबे अंतराल के बाद पत्नी भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं है। इस मामले में हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के आदेश को सही ठहराया है। दरअसल, दुर्ग में रहने वाली महिला ने अपने पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 144 के तहत आवेदन देकर अंतरिम रूप से हर माह 40 हजार रुपए भरण-पोषण और 25 हजार रुपए मुकदमे पर हुए खर्च की मांग की थी। फैमिली कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी थी कि महिला 22 वर्षों तक चुप रही। अब अचानक भरण पोषण की मांग करना तर्कसंगत नहीं है। फैमिली कोर्ट के फैसले के खिलाफ महिला ने हाईकोर्ट में पुनरीक्षण याचिका लगाई थी। महिला ने कोर्ट को बताया कि वह पहले सरकारी नौकरी में थी, लेकिन अब बेरोजगार है। साल 2002 में पति और सास ने उसे और बेटे को घर से निकाल दिया था। साल 2007 में उसे पटवारी की नौकरी मिली थी। लेकिन, बाद में वह एक आपराधिक मामले में फंस गई और 2019 में सेवा से बर्खास्त कर दी गई। इसके चलते अब उसे भरण-पोषण की जरूरत है।

### अचानक भरण-पोषण की जरुरत क्यों पड़ी

महिला ने याचिका में कहा कि पत्नी होने के नाते वो भरण-पोषण की हकदार है। उसके पति ने ही 2002 में उसे घर से निकाल दिया। कहा कि उसने अपनी सारी जमा पूंजी बेटे की पढ़ाई और बीमार पिता की दवाइयों में खर्च कर दी है। हाईकोर्ट महिला के तर्कों से सहमत नहीं हुआ। याचिका खारिज करते हुए फैसले में कहा गया कि महिला ने यह स्पष्ट नहीं किया कि इतने वर्षों बाद आखिर किन कारणों से अचानक भरण-पोषण की जरूरत पड़ी। महिला पहले सरकारी सेवा में थी और उसने अपनी बेरोजगारी की स्थिति को भी स्पष्ट नहीं किया, ऐसे में माना जा सकता है कि उसके पास कुछ संसाधन तो हैं।

## सड़क हादसे में 14 वर्षीय बच्चे की मौत, मिलेगा 10.81 लाख का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने 14 साल के बच्चे की सड़क हादसे में मौत के बाद परिजनों को 10.81 लाख रुपए का मुआवजा देने के फैसले को पूरी तरह सही ठहराया है। बीमा कंपनी ने इस आदेश को चुनौती दी थी।


हाईकोर्ट ने बीमा कंपनी की अपील खारिज करते हुए कहा कि नाबालिग बच्चे के उज्जवल भविष्य की संभावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रकरण के मुताबिक कटघोरा में 22 मई 2017 को 14 साल का आलोक स्कूटी पर पीछे बैठा था। कार क्रमांक सीजी-12, डी 9062 की टक्कर से सड़क पर गिरा। पीछे से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। माता-पिता और भाई-बहन ने 90 लाख रुपए मुआवजे की मांग करते हुए आवेदन पेश किया। कटघोरा के मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने न्यूनतम वेतन के आधार पर मासिक आय 8,190 रुपए मानी। भविष्य की संभावनाओं के लिए इसमें 40 फीसदी और राशि जोड़ी गई और कुल 10.31 लाख रुपए की हानि तय की गई। साथ ही अंतिम संस्कार और अन्य मदों में 50 हजार रुपए जोड़कर मुआवजा 10.81 लाख रुपए तय किया गया था। इसे ही बीमा कंपनी ने चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए मुआवजा राशि को सही ठहराया है।




बिलासपुर
गुरुवार 3 जुलाई 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी
वर्ष : 25, अंक : 102
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 30.4
न्यून. 25.3

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



9 जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत गॉफ और ज्वेरेव पहले दौर में बाहर

विचार पेज
2 ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ें




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कार पेड़ से टकराई दो की मौत



**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में एक तेज रफ्तार कार के पेड़ से टकराने के कारण दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। राजा भारती (35) और सोहेल शेख (32) की मौके पर ही मौत हो गई। पिछली सीट पर बैठा एक अन्य व्यक्ति सीटों के बीच फंस गया और उसे गंभीर चोटें आईं। यह घटना मंगलवार तड़के करीब साढ़े चार बजे चिचगढ़-देवरी मार्ग पर परास्तोला गांव के पास हुई। चिचगढ़ से देवरी की ओर जा रही कार के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया।

### पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत



**मैनपुरी।** जिले के दन्नाहार थाना क्षेत्र के बिघराई गांव के पास सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना उस समय हुई जब गुलाब बाग निवासी मजदूर रवि कठेरिया (40) अपने दोस्त महेंद्र (45) और रमन नामक एक अन्य व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहा था।

### साइबर धोखाधड़ी मामले में ईडी ने छापे मारे


**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों द्वारा कथित तौर पर 900 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर धोखाधड़ी किए जाने से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को दिल्ली में कई स्थानों पर छापेमारी की।

### सांसद चंद्रशेखर आजाद को धमकी, केस दर्ज



**बिजनौर।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी व्हाट्सऐप के जरिए मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया है। पार्टी कार्यकर्ता शेख परवेज ने एक लिखित शिकायत दर्ज करायी है, सांसद चंद्रशेखर आजा को 10 दिनों के भीतर जान से मारने की धमकी वाला संदेश मिला है।

### विमान की खिड़की का फ्रेम हवा में उखड़ा



**मुंबई।** गोवा से पुणे के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइस जेट के विमान की खिड़की का फ्रेम हवा में उखड़ गया, हालांकि यात्रियों की सुरक्षा पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। एयरलाइन ने कहा कि अगले हवाई अड्डे पर विमान के उतरने के बाद मानक रखरखाव प्रक्रियाओं के अनुसार फ्रेम को ठीक कर दिया गया। स्पाइसजेट की तरफ से विवरण साझा नहीं किये गए।

## हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की 16 घटनाएं, पॉवर प्रोजेक्ट खत्म

# पहाड़ों में तबाही, हिमाचल में 18 की मौत, सरगुजा में उफान पर नदी-नाले

*पहाड़ों पर बारिश ने तबाही मचाई है। हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की 16 घटनाएं हुईं, जिसमें 34 लोग लापता हो गए हैं और 18 की मौत हो चुकी है। मंडी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। सराज क्षेत्र में बादल फटने के बाद भारी बारिश से पटिकरी पावर प्रोजेक्ट पूरी तरह तबाह हो गया। हिमाचल के अलावा ओडिशा, राजस्थान में भी भारी बारिश का दौर जारी है। इधर, छत्तीसगढ़ में सरगुजा जिले में भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

खास खबर

हिमाचल प्रदेश में मानसून की दस्तक के साथ ही भारी बारिश का दौर जारी है। यहां 20 जून को मानसून पहुंचना था। अब तक 20 से ज्यादा जगह बादल फटने की घटना हो चुकी हैं। अकेले 30 जून की रात मंडी और किन्नौर में 16 जगह बादल फटे थे। इस मानसून में राज्य में लैंडस्लाइड-बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है। 34 से ज्यादा लोग लापता हैं। 40 के करीब मकान पूरी तरह ढह गए हैं। वर्षा के बाद 406 सड़कें बंद हैं। मंडी जिले से बहने वाली ब्यास नदी उफान पर है। राज्य में आज तेज बारिश का रेड अलर्ट है। मंडी जिले में मंगलवार को बादल फटने से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। गोहर, करसोग, थुनाग व धर्मपुर उपमंडल में सात स्थानों पर बादल फटने से मकान जमींदोज होने व बाढ़ के पानी में बहने से 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 लोग लापता हैं। गोहर उपमंडल में पांच, सराज में चार व करसोग में एक व्यक्ति की मौत हुई है।



छग के एमबीसी जिले की अमृत धारा

रामानुजगंज की कन्हर नदी

**खास बातें**
- इस मानसून में अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है
- 40 मकान ढह गए और बारिश के बाद 406 सड़कें बंद


### ओडिशा के भूस्खलन से तीन की मौत

*ओडिशा के क्योंझर जिले में एक खदान से अवैध रूप से मैंगनीज निकालने के दौरान भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह घटना मंगलवार को जोडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिचाकुंडी दालपहाड़ के पास स्थित एक मैंगनीज खदान में उस समय घटी, जब कुछ लोग अवैध रूप से खनिज निकालने में लगे थे।*

### राजस्थान में ऐसा अनुमान

राजस्थान में मानसून की बारिश का दौर इस सप्ताह जारी रहने का अनुमान है और इस दौरान कई जगह भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। परिसंचरण तंत्र दक्षिण-पूर्वी राजस्थान व आसपास के क्षेत्र में बना हुआ है तथा मानसून 'ट्रफ लाइन' भी दक्षिणी राजस्थान से होकर गुजर रही है।

### सैलाब में बह गया पॉवर प्रोजेक्ट



तेज बारिश के बाद आई बाढ़ ने 16 मेगावाट क्षमता वाले पटिकरी पावर प्रोजेक्ट को पूरी तरह तबाह कर दिया। बाढ़ की तेज धार ने पटिकरी डेम से लेकर गुहाड़ में स्थित पावर हाउस तक सब कुछ नष्ट कर दिया। पावर प्रोजेक्ट के एजीएम और परियोजना प्रभारी श्याम लाल ने बताया कि रातभर लगातार हुई बारिश के कारण खड्ड का जलस्तर अचानक खतरनाक हद तक बढ़ गया, जिससे पानी सीधे पावर हाउस में घुस गया। पावर प्रोजेक्ट के 12 कर्मचारियों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी।

# मेडिकल कालेज की ओके रिपोर्ट देने से पहले पहुंच चुके थे 1.62 करोड़ रुपए

- रिश्वत मामले में बड़े हवाला रैकेट के शामिल होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल कालेज की ओके रिपोर्ट देने के बदले रिश्वत के खेल में एक बड़े रैकेट के शामिल होने की बात सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक राजधानी में संचालित श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर प्रबंधन द्वारा ओके रिपोर्ट देने के बदले पूर्व से ही एक करोड़ 62 लाख रुपए निरीक्षण दल को हवाला के माध्यम से ट्रांसफर किया गया था। दूसरी किस्त के रूप में 55 लाख रुपए दिए गए। यह लेन-देन बेंगलुरु के दो डॉक्टरों की मदद से किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। इनमें ए. सतीष तथा रविचंद्र के. द्वारा रुपए संबंधितों तक पहुंचाए गए। सीबीआई ने स्पेशल कोर्ट में जो दस्तावेज पेश किया है, उसमें इसका उल्लेख किया गया है कि रावतपुरा ▶▶|शेष पेज 8 पर

### जानकारी हासिल करने लाखों रिश्वत

सीबीआई के आरोपों के मुताबिक मयूर रावल ने गोपनीय निरीक्षण से संबंधित विवरण का खुलासा करने के बदले में 25-30 लाख की रिश्वत मांगी। रावल ने मेडिकल के डायरेक्टर अतुल कुमार तिवारी को पिछले वर्ष 26 जून को निर्धारित निरीक्षण की तैयारी करने की जानकारी साझा की। रावल ने तिवारी को नामित निरीक्षण दल के सदस्यों के नाम भी बता दिए, जिससे आधिकारिक गोपनीयता भंग हुई।

### कॉल कर पैसा कलेक्शन करने की दी जानकारी

निरीक्षण दल के सदस्यों में शामिल कर्नाटक के मंड्या स्थित मंड्या इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के ऑर्थोपेडिक्स डिपार्टमेंड की हेड और प्रोफेसर डॉ. मंजुप्पा सीएन ने सतीश को बताया कि हवाला ऑपरेटर से उसे फोन आएगा कि रकम कैसे एकत्र की जानी है। इसके साथ डॉ. मंजुप्पा ने निरीक्षण दल की एक अन्य सदस्य डॉ. चैत्रा से भी बात कर बताया कि उसका हिस्सा सतीश द्वारा उसके निवास पर पहुंचाया जाएगा या कोई इसे सतीश से एकत्र कर सकता है। यह लेन-देन 30 जून को ही होने की संभावना है।

## नेशनल हेराल्ड केस में ईडी का दावा

# सोनिया-राहुल ने की 2000 करोड़ की संपत्ति हथियाने की साजिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस नेता सोनिया और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती है। दिल्ली की एक अदालत में ईडी ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपए की संपत्ति हड़पना चाहती थी। ईडी की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू पेश हुए। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन बनाने की साजिश रची गई थी, जिसमें सोनिया और राहुल के पास 76फीसदी शेयर थे, ताकि कांग्रेस से लिए गए 90 करोड़ रुपये के कर्ज के लिए एजेएल की संपत्ति को हड़प लिया जाए।

### कांग्रेस कंपनी को हड़पना चाहती थी

एसवी राजू ने कहा कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड को कोई लाभ नहीं हो रहा था, लेकिन उसके पास बड़ी संपत्तियां थीं। उन्हें अपने दैनिक कामकाज का प्रबंधन करना मुश्किल हो रहा था। इसलिए, कांग्रेस से 90 करोड़ रुपये का ऋण लिया गया। कांग्रेस इस कंपनी को हड़पना चाहती थी।

### कांग्रेस के कई नेता थे शामिल

ईडी ने अदालत को यह भी बताया कि एजेएल को किए गए "फर्जी लेन-देन" में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। ईडी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं के निर्देश पर कई व्यक्तियों ने कई वर्षों तक फर्जी तरीके से अग्रिम किराया भुगतान किया।

### विज्ञापन के दिए रुपए

ईडी ने अदालत को बताया कि कांग्रेस नेताओं के इसी तरह के निर्देशों के तहत एजेएल को विज्ञापन के रुपये दिए गए थे। ईडी ने दलील दी कि ये लेन-देन अपराध की आय (पीओसी) के बराबर थे और वास्तविक लाभार्थी सोनिया गांधी और राहुल थे। इस पर अदालत ने पूछा कि क्या इन भुगतानों को करने वाले दानदाताओं और कांग्रेस नेताओं को भी प्रतिवादी माना जाना चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि वे भी अपराध से धन कमाने में शामिल रहे हों। ईडी ने कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि क्या ऐसे व्यक्तियों को उत्तरदायी ठहराया जा सकता है।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच अमरनाथ यात्रा

# दुर्गम राह पर भक्तों का सैलाब दिखा जबरदस्त उत्साह

एजेंसी ▶▶| जम्मू

पहलगाम आतंकी हमले के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच, वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बुधवार सुबह जम्मू से रवाना हो गया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई। साथ ही 38 दिवसीय यात्रा औपचारिक रूप से गुरुवार को शुरू होगी। अधिकारियों ने बताया कि 1,115 महिलाओं, 31 बच्चों और 16 ट्रांसजेंडर सहित 5,892 तीर्थयात्रियों का जत्था वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा में शामिल होने के लिए तड़के साढ़े चार बजे आधार शिविर से रवाना हुआ। ▶▶|शेष पेज 8 पर

- रेलवे स्टेशन पर विशेष व्यवस्था

**3,880** मीटर की ऊंचाई पर अमरनाथ गुफा | **38** दिवसीय तीर्थयात्रा | **3** जुलाई को शुरू

9 अगस्त को समापन

**दो मार्ग से यात्रा की शुरुआत**
- अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग
- गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग



### 'बम बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयकारे

'बम बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयकारे के बीच 4,000 से अधिक उत्साही तीर्थयात्री भारी बारिश के बावजूद वाहनों के काफिले में जम्मू से अमरनाथ के लिए रवाना हुए। मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने भी जम्मू में आधार शिविर का दौरा किया और कहा कि शांतिपूर्ण तीर्थयात्रा के लिए सभी व्यवस्थाएं कर दी गई हैं। जम्मू में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## साइबर जालसाजों का कारनामा

# छह साल में बुजुर्ग महिला से 1.15 करोड़ रुपए ठगे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई की 70 वर्षीय एक महिला से छह साल में कथित रूप से आयकर अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने लगभग 1.15 करोड़ रुपए की ठगी कर दी। वर्ली क्षेत्र निवासी बुजुर्ग महिला ने दादरी पुलिस में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता को मई 2019 में पहली बार एक महिला ने फोन किया, जिसने खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताया और कहा कि विभाग उसके मृत पति का धन उन्हें लौटाना चाहता है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता से उस महिला ने कहा कि वह अपने पति का धन वापस प्राप्त करने के लिए उनके नाम पर लंबित करों और जुर्मानों का भुगतान करें। अधिकारी ने बताया कि फोन करने वाले पर यकीन करते हुए बुजुर्ग महिला ने ठगों द्वारा दिए गए खातों में रुपये स्थानांतरित करना शुरू कर दिया।



### रिश्तेदारों को बताई तब हुआ खुलासा

महिला ने हाल ही में अपने रिश्तेदारों को यह घटना बताई, जिन्होंने उसे बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा उसके साथ धोखाधड़ी की जा रही है और उसे पुलिस से संपर्क करने का आग्रह किया। अधिकारी ने बताया कि उनकी शिकायत के आधार पर दादर पुलिस ने अज्ञात धोखेबाजों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## केंद्र ने बढ़ाई मोहलत, राज्य ने भी किया था आग्रह

# अब तीन महीने का चावल मिलेगा 31 जुलाई तक केवाईसी नहीं तो 31 लाख ग्राहक जाएंगे खाली हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राशन दुकानों से अब तीन माह का चावल 31 जुलाई तक मिल सकेगा। इस संबंध में केंद्र सरकार ने आदेश जारी कर दिया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में करीब 31 लाख हितग्राहियों (ग्राहकों) को यह राशन इसलिए नहीं मिलेगा, क्योंकि उन्होंने राशन कार्ड का केवाईसी नहीं करवाया है। ऐसे ग्राहक अगर राशन दुकान पहुंचे, तो उन्हें थैला समेट कर खाली हाथ लौटना पड़ेगा।



**ये है मामला** *राज्य के राशन कार्ड धारियों को एक साथ तीन महीने का चावल दिया जाना है। इसकी शुरुआत 1 जून से 30 जून तक बांटा जाना था, लेकिन बाद में यह तारीख 7 जुलाई तक और बढ़ाई गई थी। वजह ये कि तय अवधि में वितरण नहीं हो पाया था। इसके पीछे तकनीकी कारण भी थे। खासकर नई व्यवस्था में एक ग्राहक को तीन महीने का चावल लेने के लिए 6 बार ओटीपी देना पड़ रहा था, इसमें अधिक समय लग रहा था, लोग दिन-दिन भर राशन के लिए लाइन में लगे रहते थे, तब भी राशन नही मिल पा रहा था।*

### केंद्र सरकार ने बढ़ाया समय

अब केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों के लिए तीन माह का राशन एक साथ देने के लिए 31 जुलाई तक तारीख तय की है। इस संबंध में राज्य की खाद्य सचिव रीना कंगाले ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर 25 जुलाई तक अवधि बढ़ाने का ▶▶|शेष पेज 8 पर

### इन 31 लाख ग्राहकों को नहीं मिलेगा राशन

तीन माह का राशन लेने के लिए 31 जुलाई तक का समय बढ़ाने के बाद भी छत्तीसगढ़ के 31 लाख ग्राहकों (यूनिट) को राशन नहीं मिलने वाला है। अगर ये लोग थैला लेकर राशन दुकान गए भी तो उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ेगा। वजह ये है कि इन 31 लाख लोगों के राशन कार्ड का केवाईसी नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ में कुल मिलाकर 81 लाख 56 हजार राशन कार्ड प्रचलित हैं। इन राशन कार्डों में 2 करोड़ 73 लाख सदस्य पंजीकृत हैं। एक राशन कार्ड में अगर चार सदस्य हैं तो चारों का आधार सत्यापन के साथ केवाईसी किया जाना है। इस काम के लिए कई बार तारीखें बढ़ाने के बाद अंतिम अवसर 30 जून तक दिया गया था। यह अवधि समाप्त होने के बाद भी 31 लाख सदस्यों का केवाईसी नहीं हो पाया है। इन लोगों को राशन तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि इनका केवाईसी सत्यापन नहीं हो जाता है।

## चिंतन

# कोरोना वैक्सीन पर चल रही चर्चाओं पर लगे तुरंत विराम

बीते तीन सालों से कोरोना के दौरान लगाई गई वैक्सीन को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इन चर्चाओं की शुरुआत हार्ट अटैक के बाद अचानक हो रही मौत के बाद शुरू हुई। देश में एक के बाद एक हार्ट अटैक से मौत के मामले सामने आ रहे थे। हद तो तब हो गई, जब कर्नाटक के हासन जिले में एक महीने के अंदर 20 से अधिक लोगों की मौत हार्ट अटैक से हो गई। इनमें अधिकतर युवा थे। हासन का प्रशासन यह समझ नहीं पा रहा कि अचानक इतनी मौतें दिल की बीमारी से क्यों हो रही हैं। इस बीच मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने हार्ट अटैक और कोविड वैक्सीन की थ्योरी पेश कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कोविड वैक्सीन पर सवाल उठाए हैं। इसके बाद तो पूरे देश में कोविड वैक्सीन को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया। इससे न केवल आम आदमी के मन में डर का माहौल पैदा हुआ बल्कि वैक्सीन को लेकर भी कई तरह के सवाल खड़े हो गए, क्योंकि देश में 220 करोड़ वैक्सीन का प्रयोग किया गया ताकि देशवासियों को सुरक्षित रखा जा सके, लेकिन वैक्सीन को लेकर भ्रम पैदा होने के पीछे एक कारण यह भी रहा कि ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अप्रैल, 2024 में माना था कि उनकी कोविड वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि ऐसा बहुत दुर्लभ मामलों में ही होगा। एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोविशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई थी। ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है। इसके अलावा इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से एक रिपोर्ट लिखी। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं। इन लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं। शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स, खास तौर पर किशोरियों और किसी भी एलर्जी का सामना कर रहे लोगों को कोवैक्सिन से खतरा है। इसके बाद देश में हार्ट अटैक से मौतों को वैक्सीन से जोड़ने की चर्चाएं शुरू हो गई। अब इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने अपनी स्टडी में पाया कि देश में हार्ट अटैक से होने वाली अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह स्टडी 18 से 45 साल के लोगों की अचानक मौत पर आधारित है। कहा गया है कि भारत की कोविड वैक्सीन सेफ और इफेक्टिव है। इससे होने वाले गंभीर साइड इफेक्ट के मामले रेयर हैं। अचानक हुई मौतों की अन्य वजहें हो सकती हैं। इनमें जेनेटिक्स, लाइफस्टाइल, पहले से मौजूद बीमारी और कोविड के बाद के कॉम्प्लिकेशन शामिल हैं। भारत बायोटेक ने इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के सहयोग से कोवैक्सिन का निर्माण किया था। वहीं, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से कोविशील्ड बनाई थी। अब नई रिसर्च से साफ हो गया है कि वैक्सीन को अचानक हो रही मौतों से कोई लेना-देना नहीं है। इस तरह की चर्चाओं पर तुरंत विराम लगना चाहिए। ध्यान रखना चाहिए कि ऐसी बातें आम आदमी के मन में भय पैदा करती हैं, जो किसी भी तरह से देश व समाज के लिए अच्छा नहीं है।



शिक्षा का अधिकार
राजीव भारद्वाज

# ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ें

जब किसी देश के लाखों बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर हो जाएं, तो यह केवल एक शैक्षणिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी होती है। भारत के सभी 66 शिक्षा बोर्ड - 2024 के परीक्षा परिणामों ने एक ऐसी ही चिंताजनक तस्वीर सामने रखी है। 10वीं और 12वीं कक्षा के करीब 50 लाख छात्र अगली कक्षा में नहीं पहुंच पाए। इनमें से कोई परीक्षा में असफल हुआ, तो कोई आर्थिक या पारिवारिक वजहों से परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सका।

यह उन बच्चों की कहानी है जो शिक्षा से कटकर जीवन की मुख्यधारा से भी अलग हो गए। ऐसे में बड़ा सवाल है कि पढ़ाई से दूर होने वाले इन बच्चों को कैसे मुख्यधारा में जोड़ा जाए, कैसे इन बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम और बाल दुर्व्यापार और ऑनलाइन यौन शोषण जैसी समस्याओं से बचाया जाए? आखिर इस समस्या की जड़ कहां हैं, क्या है समाधान? शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 10वीं कक्षा में 22.17 लाख छात्र फेल हुए और 4.43 लाख ने परीक्षा में भाग नहीं लिया। वहीं, 12वीं कक्षा में 20.16 लाख छात्र फेल हुए और 4.6 लाख परीक्षा से अनुपस्थित रहे। इसके अलावा 9 लाख से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन के बावजूद परीक्षा में हिस्सा नहीं लिया। यानी कुल मिलाकर 50 लाख से अधिक छात्र पढ़ाई से दूर हो गए। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चे अपनी शिक्षा बीच में छोड़ने के लिए मजबूर हुए। यह सिर्फ उनका व्यक्तिगत नुकसान नहीं है, बल्कि समाज और देश के विकास के लिए एक गंभीर चुनौती है। शिक्षा से वंचित ये बच्चे न केवल अपने भविष्य से कट जाते हैं, बल्कि बाल श्रम, बाल विवाह, बाल दुर्व्यापार और बाल यौन शोषण जैसे खतरों की ओर भी धकेल दिए जाते हैं।

समस्या की जड़ ड्रॉपआउट की समस्या का कारण केवल परीक्षा में असफल होना या किसी कारणवश परीक्षा छोड़ना ही नहीं है। इसकी जड़ें कहीं गहरी हैं और कारण भी अनेक हैं जैसे- आज की शिक्षा परीक्षा प्रणाली में सफलता का मानक अंकों पर आधारित है। यह दृष्टिकोण छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ाता है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास की कमी, तनाव और अवसाद जैसी समस्याएं जन्म लेती हैं जिससे कई बार वे इस सदमे से बाहर नहीं निकल पाते। वहीं गरीब परिवारों में बच्चों से काम करवाना या उनकी जल्दी शादी करवा देना आज भी सामान्य है। जबकि आज राज्य से लेकर केंद्र सरकार की अनेक योजनाएं हैं जो प्राइमरी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा व कौशल विकास में सहयोग करती हैं। लेकिन अक्सर काउंसलिंग के अभाव के चलते छात्र-छात्राओं को असफलता के बाद समुचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। वे नहीं जान पाते कि आगे क्या करें। इस तरह असमंजस की स्थिति में वे गलत रास्ते पर चल पड़ते हैं। शिक्षा से वंचित बच्चों के असामाजिक गतिविधियों में फंसने की संभावना ज्यादा रहती है। ऐसे में ड्रॉपआउट बच्चे शातिर गिरोहों, नशे और डिजिटल शोषण के शिकार बन सकते हैं। इससे देश को कुशल मानव संसाधन का भी भारी नुकसान होता है। यदि यही ड्रॉपआउट बच्चे पढ़ाई जारी रखें तो वे अपने पैरों पर खड़े होकर देश के विकास में भागीदारी करेंगे और यदि हम

> 2024 के परीक्षा परिणामों के अनुसार देशभर में 10वीं और 12वीं कक्षा के करीब 50 लाख छात्र अगली कक्षा में नहीं पहुंच पाए। इनमें से कोई परीक्षा में असफल हुआ, तो कोई आर्थिक या पारिवारिक वजहों से परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सका। शिक्षा केवल किताबें पढ़ना नहीं है, यह जीवन को दिशा देने वाला सबसे बड़ा अस्त्र है। यदि हम हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ पाएं, तो न केवल उसका जीवन सुधरेगा, बल्कि देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। हर बच्चा पढ़ेगा, तभी भारत बढ़ेगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। अब समय है कि सरकार, समाज और हम सब मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए।



उन्हें शिक्षा से जोड़ने में विफल रहे, तो चुनौतियों से भरी हुई एक पीढ़ी को संभालना भी मुश्किल हो जाएगा।

आज के दौर में शिक्षा ही वह चाबी है जो बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त कर सकती है। सरकार ने अनेक योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को सर्वसुलभ बनाया है, लेकिन इनकी जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचना भी जरूरी है। यदि 12वीं तक की शिक्षा सभी के लिए पूरी तरह मुफ्त और अनिवार्य कर दी जाए, तो आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़ने की दर में भारी कमी आएगी। खासकर लड़कियों को स्कूल से जोड़ना, उन्हें बाल विवाह से बचाने का सबसे कारगर तरीका है। शिक्षा से बच्चों को न सिर्फ ज्ञान, बल्कि अपने अधिकारों के लिए खड़े होने की ताकत मिलती है। यदि जन-जागरुकता अभियानों के माध्यम से शिक्षा का महत्व समझाया जाए, तो सामाजिक सोच में बदलाव आएगा। असली बदलाव तब होगा जब समाज समझेगा कि हर लड़की को पढ़ने का अधिकार है। इसके अलावा समय-समय पर काउंसलिंग भी ड्रॉपआउट को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। ऐसा नहीं है कि इतनी बड़ी संख्या में ड्रॉपआउट बच्चों को फिर से जोड़ने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों या शिक्षा बोर्डों की है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। इसमें गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शिक्षाविद मिलकर बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। ऐसे ही नागरिक समाज संगठनों में सबसे प्रमुख नाम हैं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) जो बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। जेआरसी नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है, जो अपने 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठनों के साथ देश के 418 जिलों में बाल श्रम, बाल विवाह, बाल दुर्व्यापार और बाल यौन शोषण के खिलाफ कार्यरत है।

जेआरसी ने देशभर में लाखों बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करा कर उन्हें शिक्षा से जोड़ा है। साथ ही, इन मुक्त कराए गए बच्चों का पुनर्वास भी कराया है। क्योंकि यदि इनकी शिक्षा व सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए तो ये बच्चे गंभीर समस्याओं के दुष्चक्र में फंस जाएंगे। यह समय है जब हमें परीक्षा में फेल हुए या पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को केवल आंकड़ों की तरह नहीं, बल्कि एक संभावनाशील मानव संसाधन के रूप में देखना चाहिए। शिक्षा केवल किताबें पढ़ना नहीं है, यह जीवन को दिशा देने वाला सबसे बड़ा अस्त्र है। यदि हम हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ पाएं, तो न केवल उसका जीवन सुधरेगा, बल्कि देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। हर बच्चा पढ़ेगा, तभी भारत बढ़ेगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। अब समय है कि सरकार, समाज और हम सब मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। शिक्षा से वंचित ये बच्चे न केवल अपने भविष्य से बल्कि देश के विकास से भी कट जाते हैं। यह समय है जब सरकार, प्रशासन, समाज और प्रत्येक नागरिक को मिलकर एक समग्र रणनीति बनानी चाहिए। बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लचीली नीतियों, बेहतर काउंसलिंग और आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। हमें यह समझना होगा कि शिक्षा सिर्फ स्कूल जाने तक सीमित नहीं है, यह बच्चों के जीवन को दिशा देने वाला सबसे बड़ा हथियार है।

हर बच्चा अगर पढ़ेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। इसलिए यह हमारा नैतिक, सामाजिक और संवैधानिक कर्तव्य है कि हम सभी मिलकर इन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में वापस लाएं। इस समस्या से निपटने के लिए, सरकार और समाज को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। शिक्षा विभाग को सख्त निर्देश देने चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी बच्चा पढ़ाई छोड़कर घर न बैठे।

(लेखक बाल अधिकार कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. मोनिका शर्मा




# प्लास्टिक बैग से मुक्ति आमजन का बने संकल्प

प्लास्टिक की थैलियों के इस्तेमाल की अति आज गंदगी से अटी गलियों से लेकर बरसात में जल जमाव होने तक, बहुत सी समस्याओं की वजह बन रही है। सहजता और सुविधा के लिए बिना सोचे-समझे प्लास्टिक बैग्स का उपयोग और सही ढंग से निस्तारना न करना जल, थल और वायु प्रदूषण प्रदूषण का अहम कारण है। इस मोर्चे पर लोगों को जागरूक करने ने लिए हर वर्ष 3 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। प्लास्टिक प्रदूषण को लेकर सजगता लाने से जुड़ा यह दिन लोगों को प्लास्टिक बैग का उपयोग घटाने के लिए प्रोत्साहित करने का उद्देश्य लिए हैं। दरअसल, जल और जमीन को प्रदूषित करने वाली प्लास्टिक की थैलियां वन्यजीवों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कभी खाने तो कभी उलझने के लिए प्लास्टिक बैग बहुत से समुद्री जीवों का दम घोंट देते हैं। यह वाकई पीड़ादायी है कि हर साल 100,000 से ज़्यादा समुद्री जीव प्लास्टिक की थैलियों के कारण मारे जाते हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि अब 100 प्रतिशत शिशु समुद्री कछुओं के पेट में प्लास्टिक होता है। यहां तक कि इन्सानों के उपभोग के लिए पकड़ी गई 3 में से 1 मछली में भी प्लास्टिक होता है। इसका अर्थ है कि यह स्थिति मानव जीवन के लिए भी बड़ा जोखिम बन रही है। चिंतनीय है कि सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियां जीवन से हर पहलू के मुसीबत साबित हो रही है। जल हो या भूमि, हर जगह प्रदूषण फैलाती हैं। बावजूद इसके इन्सानों की सुविधा के लिए इनकी खपत बढ़ती ही जा रही है। ध्यातव्य है कि हर मिनट 10 लाख से अधिक प्लास्टिक थैलियां कूड़े में फेंकी जाती हैं। कुछ समय केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा कहा गया था कि हमारे यहां हमारे प्लास्टिक का इस्तेमाल दोगुना हो गया। यही प्लास्टिक देश के गली-मुहल्लों से लेकर नदी तालाब और समुद्र तक जा पहुंचता है। एक अकेले अमेरिका में ही प्रतिवर्ष लगभग 327 बिलियन प्लास्टिक बैग समुद्र में पहुंचते हैं। धरती के हर कोने में ही पृथ्वी का जीवन आधार कहे जाने वाले महासागर प्लास्टिक से अट गए हैं। चेतावनी देती इन स्थितियों को लेकर गंभीरता से सोचना आवश्यक है। जिस दर से हर साल समुद्र को प्लास्टिक से प्रदूषित किया जा रहा है, उससे समुद्री जीवन और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को होने वाले नुकसान की भरपाई लगभग नामुमकिन बात है। ऐसे में यह दिन लोगों को प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करने और प्लास्टिक रिसाइकिलिंग को लेकर आमजन को जागरूक करता है। फिलहाल दुनिया भर में उपयोग किए जाने वाली प्लास्टिक थैलियों में से केवल 10 फीसदी का ही रिसाइकिलिंग किया जाता है। तकलीफदेह है कि परंपरागत जीवनशैली वाले हमारे देश में भी एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग एक आम घरेलू वस्तु बन गए हैं। उपभोक्ताओं को खरीदी गई हर वस्तु प्लास्टिक बैग्स में ही दी जाती है। ये थैलियां खरीदारी के समय सुविधाजनक तो लगती हैं पर बरसों तक नष्ट नहीं होने के चलते पर्यावरण के हर हिस्से के लिए बड़ी चिंता बनी हुई हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियों को तो विघटित होने में 700 साल और पूरी तरह से खराब होने में 1000 साल लगते हैं। यह कूड़ा धरती के किसी ना किसी हिस्से को प्रदूषित कर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बनता है। प्लास्टिक की थैलियां लैंडफिल में लम्बे समय तक रह सकती हैं। ऐसे में समग्र परिवेश में कचरा जमा करने वाले प्लास्टिक बैग्स का सीमित और सूझबूझ एक साथ उपयोग करना आवश्यक है। विचारणीय है कि बार-बार उपयोग में आने वाला थैला इस मोर्चे पर मददगार बन सकता है। हमें सोचना होगा कि जमीनी जीवनशैली और जीवन से जोड़ता थैला आखिर क्यों गुम हो गया? डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग्स से मुक्ति पाने और ज्यादा से ज्यादा पर्यावरण के अनुकूल विकल्प के रूप में देखें तो बार-बार उपयोग किया जा सकने वाला थैला इंसानी जीवन और धरती दोनों को बचाने वाला साथी है। समझना मुश्किल नहीं कि मौजूदा जीवनशैली में यूज एंड थ्रो की संस्कृति की ओर झुकाव बढ़ा ही है। इस रुझान ने दुनिया के हर हिस्से में बसे लोगों में प्लास्टिक बैग्स का उपयोग बढ़ाया है। परंपरागत जीवनशैली और कम से कम चीजों को कचरा समझकर फेंकने वाले भारतीय समाज में भी यह आदत जड़ें जमा चुकी है, जबकि मूल रूप से हमारे परिवारों में पुरानी चीजों या सामानों का भी इस्तेमाल करने की रिवायत रही है। ऐसे में पृथ्वी को पॉलिथिन की गिरफ्त से मुक्त कराने में थैले के इस्तेमाल का सहज सा कदम बेहद प्रभावी साबित हो सकता है। सिंगल यूज प्लास्टिक बैग्स के इस्तेमाल में कमी लाने के लिए यह सबसे व्यावहारिक तरीका है। इसके लिए आमजन का सहयोग और सजगता सबसे जरूरी है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## गावत संतत संभु भवानी



संकलित
**दर्शन**

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं। सबके बीच संतुलन बनाकर भगवान महादेव चलते हैं।

## जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
**प्रेरणा**

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी संपत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहां-तहां भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची-नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### वन महोत्सव, वन वीक

भारत में एक सप्ताह की वृक्षारोपण वन महोत्सव की शुरुआत 1950 में देश के तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री केएम मुंशी ने की थी। इसका एकमात्र लक्ष्य हमारे वनों को उगाने और बढ़ाने के महत्व को फैलाना और वनों की कटाई के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस बार 2025 के वन महोत्सव, जो कि एक जुलाई से सात जुलाई 2025 तक मनाया जा रहा है, में हमें 'एक पेड़ मां के नाम' थीम को अपनाना चाहिए और न केवल पेड़ लगाकर बल्कि उनका पालन पोषण करके धरती मां के प्रति अपना प्यार और आभार प्राप्त करें। सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

*- प्रतीक अग्रवाल, महासमुंद*

## ट्रेंड

### खेल नीति को मंजूरी



पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी है, जो देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देने और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल है।

**-जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री**

### आंदोलन, संघर्ष और सेवा



जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की यात्रा में बीते पांच दशकों में जो आंदोलन, संघर्ष और सेवा का इतिहास रचा गया है, उसी की परिणति है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुकी है। इस गौरवशाली यात्रा का आधार हमारे करोड़ों कार्यकर्ता हैं।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### शिक्षा के प्रति अन्याय



बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण की आड़ में स्कूलों को बंद करने वाला जो फैसला लिया गया है, वह ग़रीबों के करोड़ों बच्चों को दी जाने वाली सुगम व सस्ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति अन्याय है।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### क्रिकेट का समर्थन




टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड में होना हमेशा खुशी की बात होती है, मैदान के आस-पास की हलचल से बढ़कर कुछ नहीं होता। एक ऐसा देश जो हर मायने में टेस्ट क्रिकेट का समर्थन करता है।

**-रवि शास्त्री, भारतीय क्रिकेट कमेंटेटर**

## करंट अफेयर


# पाक में पोलियो का एक और मामला उजागर



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो वायरस का एक और मामला सामने आया है जिससे देशभर में इस साल अब तक संक्रमित मामलों की कुल संख्या बढ़कर 14 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच), इस्लामाबाद की पोलियो उन्मूलन क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने बताया कि नया मामला प्रांत के उत्तर वजीरिस्तान जिले से सामने आया है, जहां 19 महीने के एक बच्चे में पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। इस नए मामले के साथ ही खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो के मामलों की कुल संख्या अब आठ हो गई है। इससे पहले इस साल सिंध में चार और पंजाब तथा गिलगित-बाल्टिस्तान में एक-एक मामले की पुष्टि हुई थी। पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ दुनिया के उन दो देशों में शामिल है, जो अब भी पोलियो से मुक्त नहीं हुए हैं। वायरस को खत्म करने के वैश्विक प्रयासों के बावजूद, सुरक्षा के मुद्दों, टीके लगवाने में हिचकिचाहट और गलत सूचना जैसी चुनौतियों ने बीमारी से उबरने की प्रगति को धीमा कर दिया है। इस साल पाकिस्तान में अब तक फरवरी, अप्रैल और मई में तीन देशव्यापी पोलियो रोधी अभियान चलाए जा चुके हैं। पाकिस्तान में पोलियो उन्मूलन प्रयासों को अक्सर सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## ऑफ बीट

# क्या बुरी खबरें परेशान करती हैं? समाचारों से कैसे जुड़ें



अगर आपको हाल के दिनों में लग रहा है कि समाचारों में नकारात्मकता कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है, तो आप अकेले नहीं हैं। इसके बावजूद, अधिकतर लोग समाचारों से खुद को अलग नहीं कर पाते और न ही करना चाहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि समाचारों से जुड़ाव जहां एक ओर दुनिया की घटनाओं को समझने में मदद करता है, वहीं दूसरी ओर इसका मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकता है। प्रश्न, समाचार क्यों कर रहे हैं मानसिक रूप से प्रभावित। हमारा मस्तिष्क सुरक्षा और अस्तित्व को प्राथमिकता देता है और खतरे की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया करता है। बार-बार नकारात्मक समाचार देखने से यह तंत्र सक्रिय हो जाता है, जिसे 'डूम-स्क्रॉलिंग' कहा जाता है, और यह मानसिक रूप से थकान पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि असंपादित या असंवेदनशील दृश्य, विशेषकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही त्रासदी की ग्राफिक फुटेज, पारंपरिक मीडिया की तुलना में अधिक मानसिक प्रभाव डालती है। शोध बताते हैं कि नकारात्मक समाचारों की अधिकता चिंता, अनिश्चितता और असुरक्षा की भावना को बढ़ा सकती है। कुछ मामलों में, यह 'विकेरियस ट्रॉमा' का कारण भी बन सकती है, जिसमें व्यक्ति बिना प्रत्यक्ष अनुभव के ही तनाव, अरुचिकर यादों और नींद की समस्या महसूस करता है।

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# मौत के बाद ही चुना जाएगा दलाई लामा का उत्तराधिकारी, खारिज की चीन की भूमिका

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

तिब्बती बौद्ध धर्म के सर्वोच्च आध्यात्मिक नेता 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने अपने उत्तराधिकारी के चयन को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनकी मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारी का चयन तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार होगा और इस प्रक्रिया में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी के चयन की जिम्मेदारी 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को सौंपी है। इसके साथ ही दलाई लामा ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी संस्था यानी 'दलाई लामा का संस्थान' भविष्य में भी जारी रहेगा।

यह बात उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कही। उन्होंने 2011 में किए गए वादे की भी याद दिलाई। दलाई लामा ने बताया कि 24 सितंबर 2011 को तिब्बती बौद्ध परंपराओं के प्रमुखों की बैठक में उन्होंने यह मुद्दा उठाया था कि आने वाले समय में यह विचार किया जाए कि क्या दलाई लामा की परंपरा को आगे भी जारी रखा जाना चाहिए। उस वक्त उन्होंने कहा था कि 'जब मैं लगभग 90 वर्ष का हो जाऊंगा, तब मैं तिब्बती बौद्ध परंपराओं के उच्च लामा, तिब्बती जनता, और अन्य संबंधित लोगों से विचार-विमर्श करूंगा कि यह संस्था जारी रहनी चाहिए या नहीं।' दलाई लामा ने कहा, 'मुझे तिब्बत के भीतर से भी कई चैनलों के माध्यम से यही अपील प्राप्त हुई है। इन सभी अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, मैं घोषणा करता हूं कि दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी।'

## सर्वोच्च तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने दिया बड़ा बयान

**उत्तराधिकारी चयन की जिम्मेदारी 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को सौंपी है**

**'स्वतंत्र दुनिया' में चीन के बाहर होगा अगला अवतार (पुनर्जन्म)**



**अगले दलाई लामा की मान्यता का अधिकार केवल गादेन फोडरंग ट्रस्ट को :** दलाई लामा ने दोहराया कि अगले दलाई लामा की पहचान और मान्यता की पूरी प्रक्रिया का अधिकार केवल 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को है, जो उनके आधिकारिक कार्यालय का हिस्सा है। कोई अन्य व्यक्ति, संगठन या सरकार इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। इसके साथ ही उन्होंने चीन की किसी भी भूमिका को खारिज कर दिया।

### 6 जुलाई को हो जाएंगे 90 साल के

6 जुलाई को अपना 90वां जन्मदिन मनाने जा रहे दलाई लामा ने अपनी हालिया पुस्तक वॉयस फॉर द वॉयसलेस (मार्च 2025) में लिखा है कि उनका अगला अवतार (पुनर्जन्म) चीन के बाहर, 'स्वतंत्र दुनिया' में होगा, संभवतः भारत या किसी अन्य देश में, जहां तिब्बती बौद्ध धर्म की स्वतंत्रता बनी रहे। उन्होंने कहा, 'पुनर्जन्म का उद्देश्य मेरे कार्य को आगे बढ़ाना है। इसलिए, नया दलाई लामा एक स्वतंत्र विश्व में जन्म लेगा, ताकि वह तिब्बती बौद्ध धर्म का नेतृत्व और तिब्बती लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक बन सके।'

### इधर, भड़का चीन बोला- हम ही करेंगे उत्तराधिकारी की घोषणा

चीन ने दलाई लामा के बयानों को खारिज करते हुए कहा कि अगले दलाई लामा का चयन चीनी परम्पराओं के मुताबिक ही होगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, 'दलाई लामा एक राजनीतिक निर्वासित हैं और उन्हें तिब्बती लोगों का प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार नहीं है। जीवित बुद्ध की वंशावली चीन के तिब्बत में विकसित हुई, और उत्तराधिकारी का चयन चीनी कानूनों और परंपराओं के अनुसार होगा।' दलाई लामा ने अपने अनुयायियों से आग्रह किया कि वे किसी भी ऐसे उम्मीदवार को स्वीकार न करें, जिसे चीन द्वारा नियुक्त किया जाए, क्योंकि यह तिब्बती धार्मिक स्वायत्तता के खिलाफ होगा।

### दलाई लामा की पहचान की प्रक्रिया

अगले दलाई लामा की पहचान पुनर्जन्म की प्रक्रिया पर आधारित होती है, जिसे तिब्बती बौद्ध धर्म में 'तुल्कु प्रणाली' कहते हैं। यह एक विशेष परंपरा है जिसमें पिछले दलाई लामा की मृत्यु के बाद उनके पुनर्जन्म (नए दलाई लामा) की खोज की जाती है।

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को 6 महीने जेल की सजा

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को 6 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। ढाका स्थित इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल (आईसीटी) ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री और आवामी लीग की प्रमुख शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में छह महीने की सजा सुनाई है। यह फैसला बुधवार को आईसीटी-1 की तीन सदस्यीय पीठ ने सुनाया है, जिसकी अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गोलाम मोर्तुजा मोजूमदार कर रहे थे। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि शेख हसीना द्वारा न्यायालय की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले बयान दिए गए, जिससे न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल उठे हैं। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये मामला पिछले साल अक्टूबर का है, जब एक फोन कॉल लीक हुआ था। ऑडियो क्लिप के जरिए दावा किया गया कि वो शेख हसीना की आवाज है, जिसमें वो कथित तौर पर शकील अकंद बुलबुल के साथ बात कर रहीं थी। जिसमें वो कह रही थीं कि उनके खिलाफ 227 मुकदमे दर्ज हैं, इसलिए उन्हें 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। उनके इसी बयान को कोर्ट ने अदालत का अवमानना माना है।

## शीशमहल Vs मायामहल : रेखा गुप्ता के सरकारी आवास का अनावरण

# 24 एसी, 23 सीलिंग फैन, 3 बड़े झूमर, 5 टीवी दिल्ली सीएम के नए आवास पर घमासान

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का नया आवास 'शीश महल' विवादों में है। विपक्षी पार्टियों ने इस पर लाखों रुपए उड़ाने का आरोप लगाया है। एक ओर विपक्ष इसे जनता के पैसे की बर्बादी बता रहा है, तो वहीं सत्ता पक्ष इसे एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया करार दे रहा है। दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री गुप्ता के नए सरकारी आवास बंगला नंबर-1, राज निवास मार्ग के लिए 60 लाख रुपए की लागत से रेनोवेशन कर रहा है। बुधवार को इस आवास का अनावरण हुआ है। इसे लेकर सियासी घमासान है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीडब्लूडी की ओर से जारी टेंडर के अनुसार जुलाई के पहले सप्ताह से शुरू होने वाले फर्स्ट फेज में इलेक्ट्रिकल सिस्टम की अपग्रेडिंग होगी। इसमें 80 लाइट्स और फैन पॉइंट्स की रीवायरिंग की जाएगी।

**आप सहित कांग्रेस ने उठाए सवाल**

**पीडब्लूडी ने सजावट-सुरक्षा पर खर्चे 60 लाख**



साथ ही दो टन की क्षमता वाले 24 एयर कंडीशनर (जिस पर 11 लाख रुपए से अधिक खर्च अनुमानित), 23 एनर्जी एफिशिएंट सीलिंग फैन और 16 वॉल फैन लगाए जाएंगे। इसके अलावा बंगले में 115 लाइट यूनिट्स (इनमें वॉल लाइटर, हैंगिंग लाइट और 3 बड़े झूमर शामिल हैं) लगाए जाएंगे। जिनकी कुल लागत 6.03 लाख रुपए आंकी गई है। सामान्य हॉल के लिए 16 निकेल फिनिश फ्लश सीलिंग लाइट, 7 पीतल की सीलिंग लैंटर्न, 8 पीतल और ग्लास वॉल लाइट्स खरीदी जाएंगी। साथ ही 5 टीवी यूनिट्स भी प्रस्तावित हैं।

**केजरी पर गुप्ता ने साधा निशाना**

बुधवार को गुप्ता के साथ अनावरण मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मौजूद थे। यहां मुख्यमंत्री गुप्ता ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि वो शीश महल जो पूर्व मुख्यमंत्री ने केवल अपनी अय्याशी के लिए बनाया था। लेकिन, ये एक शीश महल है जो जनता को समर्पित कर, उनकी सुविधा के लिए दिया गया है।

### आप, कांग्रेस ने किया तीखा हमला

इस खर्च को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। आप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि सीएम रेखा गुप्ता अपने 'मायामहल' पर करोड़ों खर्च कर रही हैं, जबकि दिल्लीवाले बिजली, पानी, महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। आप ने आरोप लगाया कि जनता रोजगार और घर बचाने की लड़ाई लड़ रही है, वहीं सरकार झूमर, एसी और टीवी पर जनता का पैसा उड़ा रही है। वहीं, कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 'शीशमहल' करते-करते अपने लिए रंग महल बनवाया जा रहा है। जिस दिल्ली के लोग अपना घर ढहाये जाने पर बुलडोजर के सामने लेटने को मजबूर हैं, वहां की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एक नहीं दो बंगलों को साथ मिलाकर रहेंगी और रेनोवेशन सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। सुप्रिया ने कहा कि बढ़िया वाले 24 एसी, महंगे झूमर, बड़े से 5 टीवी, गीजर, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, डिशवॉशर, महंगा वाला माइक्रोवेव, 115 लैंप, जगमग झिलमिल वॉल और हैंगिंग लाइट्स और रिमोट कंट्रोल वाले 23 पंखे लगाए जा रहे हैं। मजे ही मजे!

### बीजेपी की सफाई

इस पर पलटवार करते हुए भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह खर्च कोई विलासिता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार पद के लिए जरूरी सुविधाएं हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कमरे में लगे AC की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस कमरे में भी 8 एसी लगे हैं, तो वो तो मुख्यमंत्री का घर है। बेईमानों को खुद अपने शासनकाल का जवाब देना चाहिए. जैसे-जैसे यह रिनोवेशन कार्य बढ़ता जाएगा, इस 'मायामहल' पर सियासत और भी गरमाने की संभावना है।

## संयुक्त राष्ट्र का अध्यक्ष बनते ही नई चाल

# कश्मीर पर पुराना प्रस्ताव लागू कराने में जुटा पाक

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की जुलाई महीने की अध्यक्षता संभालने के साथ ही पाकिस्तान ने एक बार फिर कश्मीर मुद्दे को वैश्विक मंच पर उठाने की कोशिश की है। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, असीम इफ्तिखार अहमद ने कहा है कि कश्मीर विवाद को अब और टालना उचित नहीं है और सुरक्षा परिषद को इसके समाधान के लिए 'अपने ही प्रस्तावों को लागू कराने के उपाय करने चाहिए। अहमद की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब पाकिस्तान ने जुलाई के लिए परिषद की अध्यक्षता संभाली है। उन्होंने कहा कि कश्मीर का लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा पाकिस्तान और भारत के बीच गंभीर तनाव पैदा कर रहा है। पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार ने कहा कि 'मुझे लगता है कि यह सुरक्षा परिषद की जिम्मेदारी है, और खासकर स्थायी सदस्यों की, कि वे देखें कि वे अपने प्रस्तावों को वास्तव में लागू करने के लिए कुछ कदम उठाएं।' उन्होंने कहा, 'यही आगे बढ़ने का रास्ता है।'



### क्या पाकिस्तान कुछ हासिल कर पाएगा?

पाकिस्तान ऐसी स्थिति में नहीं है कि यूएनएससी में कश्मीर मुद्दे को उछालकर कुछ हासिल कर पाए। यूएनएससी में पाकिस्तान की अध्यक्षता सिर्फ एक महीने की है और किसी ठोस प्रस्ताव को पारित कराने के लिए उसे कम-से-कम नौ सदस्य देशों का समर्थन होना जरूरी है। इसके अलावा प्रस्ताव पास होने के लिए जरूरी है कि कोई भी स्थायी सदस्य देश प्रस्ताव के खिलाफ वीटो ना करे और ऐसा संभव नहीं है।

## 70% मुस्लिम आबादी वाले कजाकिस्तान में हिजाब बैन

**नई दिल्ली।** मध्य एशिया व कई यूरोपीय देशों के बाद एक और देश कजाकिस्तान ने अपने यहां हिजाब पर बैन कर दिया है। यहां के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया है कि चेहरा ढकने वाले कपड़े, जिनसे किसी की पहचान छिपती है, सार्वजनिक जगहों पर नहीं पहने जा सकते। बता दें कजाकिस्तान में करीब 70% लोग इस्लाम धर्म मानते हैं, जबकि ईसाई धर्म दूसरा सबसे बड़ा धर्म है।

BAJAJ FINSERV

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे–411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार–बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।

(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;

(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी / आरटीजीएस / बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;

(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा

(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।

(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(छ) शाखा प्रबंधक / नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित / निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(11-07-25) भिलाई जीई रोड GL; PBX2GOL11788403, 11788693, 11928246, 12070416, 12074133, 12118365, 12275849. (12-07-25) बिलासपुर अग्रसेन चौक GL; PGJ8GOL11960973, 12002684, 12023515, 12049202, 12068200, 12096740. (14-07-25) दुर्ग GL; P08IGOL12037019, 12055910, 12171966, 12175891, 12263284. (15-07-25) कटघोरा BGL; P25EGOL11901909, 12040928, 12103467, 12128439, 12128535, 12160978. (16-07-25) बिलासपुर मुंगेली नाका GL; PCZ5GOL11918685, 12197611. कोरबा – सीएसईबी चौक GL; PEQ2GOL12094468, 12149297, 12214876, 12230330, 12235757, 12238958. मनेन्द्रगढ़ BGL; PV99GOL12094597, 12118016, 12155609, 12264972, 12293295. (17-07-25) रायपुर GL; PF45GOL11861969, 11933633, 11932594, 11951669, 11946055, 11966102, 11984511, 12048605, 12048401, 12073043, 12087302, 12112018, 12114077, 12140749, 12130866, 12161425, 12187813, 12240850. रायपुर – पियांक टावर GL; PEN5GOL12077766, 12077867, 12174748, 12236509, 12243271, 12255020. (18-07-25) राजनंदगाँव–ग्रेट ईस्टर्न रोड GL; PEN6GOL11837399, 12019164, 12272415, 12298446. (19-07-25) सरकंडा GL; P42HGOL12027694, 12037534, 12076272, 12068092, 12224401, 12234819, 12251226.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

# अयोध्या के प्रसाद में मिलावट खोरी, नागा साधु करेंगे औचक छापेमारी

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में मिलावटखोरी के खिलाफ नागा साधु खुद मैदान में उतर आए हैं। निर्वाणी अखाड़े ने 'पहचान अभियान' के तहत दुकानों पर औचक छापेमारी शुरू करने का ऐलान किया है। नागा साधु द्वारा प्रसाद की कड़ी जांच होगी, जिसमें 4 लोगों की टीम बनाई गई है। दरअसल, सावन के पावन महीने और झूला मेले से पहले अखाड़े ने सख्त कदम उठाए हैं। नागा साधुओं और व्यापारी नेताओं की संयुक्त टीम बनाई गई है, जो कभी भी, कहीं भी दुकानों पर पहुंचकर प्रसाद की गुणवत्ता की जांच करेगी। अगर मिलावट या ठगी पकड़ी गई, तो सख्त कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी।

**निर्वाणी अखाड़े ने किया ऐलान**



### देशी घी के नाम पर ठगी, अब होगी नकेल

हनुमानगढ़ी में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद देशी घी के लड्डू चढ़ाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन कई दुकानदारों ने देशी घी के नाम पर सस्ते तेल से लड्डू बनाकर श्रद्धालुओं की भावनाओं से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया। इस धोखाधड़ी पर अब सीधी नजर होगी।

### प्रसाद के डिब्बे पर नाम और मोबाइल नंबर अनिवार्य

1 जुलाई से हर प्रसाद के डिब्बे पर दुकान और व्यापारी का नाम और मोबाइल नंबर लिखना अनिवार्य कर दिया गया है। जिससे ठगी करने वालों की तुरंत पहचान हो सके. जो व्यापारी नियम तोड़ेंगे, वे खुद जिम्मेदार माने जाएंगे।

### महंत संजय दास की सख्त चेतावनी

हनुमानगढ़ी के महंत संजय दास ने कहा अब किसी को श्रद्धालुओं के साथ धोखा करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। नागा साधु खुद दुकान-दुकान घूमेंगे और जो दोषी मिलेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट को भी यह सूचना दी जाएगी जिससे वो इस पर उचित एक्शन लें।

## मराठी बोलना क्यों जरूरी है? कहने पर मनसे कार्यकर्ताओं ने की दुकानदार से पिटाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भाषा को लेकर विवाद अब प्रदेश के बाहर से आए हुए आम लोगों के रोजमर्रा के जीवन पर असर डाला रहा है। महाराष्ट्र के मीरा भायंदर इलाके में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेताओं और कार्यकर्ताओं का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें मनसे के कुछ लोग मराठी न बोलने की वजह से दुकानदार के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। दुकानदार ने मामले की जानकारी मीरा रोड के काशीमीरा पुलिस स्टेशन में दी। साथ ही आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। यह है मामला-दुकानदार की पहचान बाबूलाल खिमजी चौधरी के रूप में हुई है। बाबूलाल ने पुलिस को बताया कि कुछ लोग दुकान पर आए और पानी की बोतल मांगी। जब दुकान के सहयोगियों ने उनसे हिंदी में बात की तो वे भड़क गए और सहयोगी कर्मचारी को गाली देने लगे। उसे मराठी में बोलने को कहने लगे। दुकानदार ने बताया सभी के कपड़ों पर मनसे के चिह्न बने हुए थे। दुकानदार ने कहा कि जब मनसे कार्यकर्ताओं को यह बताया गया कि दुकान में ज्यादातर कर्मचारी दूसरे राज्यों से आते हैं और उन्हें मराठी नहीं आती है तो इसके जवाब में उन्होंने धमकी दी।

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** Central Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय- अम्बिकापुर (छ.ग.) Regional Office: Ambikapur (C.G.)

**अचल/चल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

**ईएमडी और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि और समय 05/08/2025 को या उससे पहले अपराह्न 03:00 बजे तक**

**(दस्तावेजों के अनुमोदन में 2-3 कार्य दिवस लग सकते हैं)**

**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में बंधक रखी गई अचल/चल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचनाः**

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी(ओं) एवं जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता "सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया" के पास बंधक रखी गई है, जिसका भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा (संपत्ति के सामने विशेष रूप से उल्लिखित) सुरक्षित ऋणदाता द्वारा बंधक समझौते के तहत लिया गया है, नीलामी के लिए रखी जाएगी तथा इसे नीचे उल्लिखित **"जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" तथा "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जाएगा, ताकि ऋणी(ओं) एवं जमानतदार(ओं) से सुरक्षित ऋणदाता सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को देय राशि की वसूली की जा सके। संबंधित सम्पत्तियों का आरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि नीचे उल्लिखित है।

| स. क्र. | उधारकर्ताओं/ शाखा का नाम | संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति का विवरण और संपत्ति के मालिक | मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि / कब्जा सूचना की तिथि | आरक्षित मूल्य / धरोहर जमा राशि / बोली वृद्धि राशि | शाखा नाम/ सम्पर्क व्यक्ति एवं सम्पर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1) **मेसर्स गोलू रेडीमेड, प्रोप- श्री मुन्ना प्रसाद साहू**, गुदरी बाजार, अंबिकापुर, सरगुजा, छत्तीसगढ़. 2) **श्रीमती मीना देवी, पत्नी श्री मुन्ना प्रसाद साहू**, घुटरापारा, मायापुर, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा, छत्तीसगढ़- 497001. | खसरा नं. 134/15, मोहल्ला मायापुर (घुटरापारा), रिंग रोड के अंदर और बाउरी तालाब के पास, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 0.008 एकड़ भूमि में निर्मित भूमि और एक मंजिला आवासीय भवन। **चौहद्दीः उत्तर-** श्री मेहता जी का मकान, **दक्षिण-** श्रीमती रीता गुप्ता का मकान, **पूर्व-** श्री संतोष सोनी का मकान, **पश्चिम-** कच्चा सड़क। | 03/04/2024 / ₹ 10,40,641.00 + उस पर ब्याज व अन्य व्यय / 04/07/2024 | ₹ 18,10,000 / ₹ 1,81,000 / ₹ 50,000 | Main branch, Ambikapur / Mr. Sanjay Pradhan Mob: 9827971191 |

| निरीक्षण की तिथि एवं समय | ईएमडी राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 01/08/2025 से 04/08/2025 दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच | 05/08/2025, सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे के बीच | 05/08/2025 सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक |

**ई-नीलामी "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" और "जो कुछ है आधार"** पर आयोजित की जा रही है।

1. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और सूचना के अनुसार, संपत्ति पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले ऋणभार, नीलामी में रखी गई संपत्ति के शीर्षक और दावों/अधिकारों/बकाया/संपत्ति को प्रभावित करने के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए।
2. बोलीदाताओं को निम्नलिखित औपचारिकताएं पहले ही पूरी करनी होंगीः **चरण 1-** बोलीदाता/क्रेता पंजीकरणः बोलीदाता को अपने मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी का उपयोग करके ई-नीलामी पोर्टल **https://www.ebkray.in** पर पंजीकरण करना होगा। **चरण 2-** केवाईसी सत्यापनः बोलीदाता को अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। केवाईसी दस्तावेजों को ई-नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा सत्यापित किया जाएगा (इसमें दो कार्य दिवस लग सकते हैं)। **चरण 3-** ईएमडी राशि का उसके ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरणः ई-नीलामी पोर्टल पर उत्पन्न चालान का उपयोग करके एनईएफटी / ट्रांसफर का उपयोग करके फंड का ऑनलाइन /ऑफ-लाइन हस्तांतरण। **चरण 1** से **चरण 3** बोलीदाता द्वारा ई-नीलामी तिथि से पहले काफी पहले ही पूरा कर लिया जाना चाहिए। पते के प्रमाण की प्रति, जिसके बिना बोली अस्वीकृत की जा सकती है।
3. ई-नीलामी के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया अपनी बोलियां जमा करने और इसमें भाग लेने से पहले **https://www.ebkray.in** और सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी **https://www.ebkray.in** देखें। ई-नीलामी।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री**

उधारकर्ताओं/गारंटरों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे ई-नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक खर्चों के साथ ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर संपत्ति की ई-नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत की वसूली की जाएगी।

दिनांक : 02.07.2025 स्थानः अंबिकापुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी / सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

वैसे तो शाई ब्लैडर सिंड्रोम शरीर से जुड़ी कोई गंभीर समस्या नहीं है। लेकिन इस मानसिक समस्या की वजह से व्यक्ति को कई तरह की व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे उसका सोशल बिहेवियर भी प्रभावित होता है। इसके कारण, लक्षण और उपचार के बारे में जानिए।

## शारीरिक नहीं मानसिक समस्या है
# शाई ब्लैडर सिंड्रोम



**हेल्थ सजेशन**
**शिखर चंद जैन**

समीर समझ नहीं पा रहा था कि आखिर मोना इतनी परेशान क्यों है? इतने अच्छे म्यूजिक कंसर्ट को बीच में ही छोड़कर घर क्यों जाना चाहती है, जबकि उन्होंने काफी महंगे टिकट खरीदे थे। प्रोग्राम को छोड़कर उसे मोना के साथ घर आना पड़ा। घर आने पर पता चला कि मोना को यूरीनेशन के लिए जाना था। समीर को यह बात बहुत अजीब लगी कि ऑडिटोरियम में साफ-सुथरे वाशरूम होने के बावजूद मोना को पेशाब करने के लिए घर क्यों आना पड़ा? दरअसल, मोना पब्लिक वाशरूम का इस्तेमाल कर ही नहीं सकती। इसकी वजह यह है कि वह शाई ब्लैडर सिंड्रोम से पीड़ित है।

### क्या है शाई ब्लैडर सिंड्रोम

शाई ब्लैडर सिंड्रोम को मेडिकल भाषा में पैरुरेसिस कहा जाता है। एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को सार्वजनिक स्थानों पर या दूसरों की उपस्थिति में यूरीन करने में कठिनाई होती है। यह एक प्रकार की सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर है, जो यूरेथ्रा को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियों को प्रभावित करता है। इस स्थिति में किसी व्यक्ति को यूरीन करते वक्त कोई सुन या देख रहा हो तो उसे डर या शर्मिंदगी महसूस होती है। इससे वह सार्वजनिक स्थानों पर यूरीन करने में असमर्थ हो जाता है। आम तौर पर पैरुरेसिस का अनुभव कुछ लोगों को पब्लिक प्लेस पर होता है। जैसे पब्लिक यूरिनल में एक आदमी अन्य पुरुषों के बगल में होने पर यूरीन करने में परेशानी महसूस करता है। गंभीर मामलों में, पैरुरेसिस से पीड़ित व्यक्ति केवल अपने घर पर अकेले होने पर ही यूरीन कर पाता है। इस स्थिति को 'एवॉइडेंट पैरुरेसिस', 'साइकोजेनिक यूरिनरी रिटेंशन' और 'यूरीनेशन-फोबिया' के रूप में जाना जाता है।

### मन से जुड़ी समस्या

पैरुरेसिस एक शारीरिक रोग नहीं है क्योंकि ऐसी समस्या से ग्रस्त व्यक्ति के मूत्रतंत्र में कोई भी गड़बड़ी नहीं होती है। पेशाब करने की चिंता



व्यक्ति के तंत्रिका तंत्र को अत्यधिक उत्तेजित करती है और स्फिंक्टर को बंद कर देती है, जिससे यूरीन सुगमता से नहीं हो पाता। पेशाब न करने से व्यक्ति की चिंता बढ़ जाती है, खासकर अगर यूरीन का प्रेशर अधिक हो।

### पैरुरेसिस के लक्षण

गंभीर पैरुरेसिस के संकेत और लक्षण निम्नलिखित हो सकते हैं:

**चिंता और तनावः** पेशाब करने की कोशिश करते समय अत्यधिक घबराहट या तनाव महसूस करना।

**लंबा इंतजारः** पेशाब शुरू करने में देरी होना या बिल्कुल न हो पाना।

**निजी स्थान की जरूरतः** व्यक्ति केवल तभी पेशाब कर पाता है, जब उसे पूरी तरह से निजता मिले, जैसे कि घर पर।

**शारीरिक लक्षणः** पसीना आना, दिल की धड़कन तेज होना, या मांसपेशियों में तनाव महसूस करना।

**पूर्ण एकांत की आवश्यकताः** अन्य लोगों द्वारा मूत्र के शौचालय से पानी की आवाज सुनने का डर या अन्य लोगों द्वारा मूत्र की गंध सूंघने का भय। अन्य लोगों के घरों में पेशाब करने में असमर्थता। यदि कोई शौचालय के बाहर इंतजार कर रहा हो तो घर पर पेशाब करने में असमर्थता।

**अनावश्यक चिंताः** शौचालय जाने की आवश्यकता को लेकर चिंतित महसूस करना। पेशाब न जाना पड़े इसके लिए जरूरत के अनुसार पेय पदार्थ न पीना। यात्रा और सामाजिक आयोजनों से बचना।

### समस्या के कारण

इस सिंड्रोम के कई संभावित कारण हो सकते हैं। जैसे-सामाजिक परिस्थितियों में असहज महसूस करना, बचपन में शौचालय से संबंधित कोई शर्मनाक अनुभव, जैसे कि स्कूल में सहपाठियों द्वारा मजाक उड़ाना। आत्मविश्वास की कमी, शर्मिंदगी का डर या कुछ मामलों में मूत्राशय की मांसपेशियों का तनाव या तंत्रिका तंत्र की समस्या भी इसका कारण हो सकता है।

### समस्या के साइड इफेक्ट्स

यह स्थिति व्यक्ति के दैनिक जीवन पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। सामाजिक जीवन में बाधा आती है। व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों, यात्रा या सामाजिक समारोहों से बचने लगता है। कार्यस्थल पर समस्याएं होती हैं। ऑफिस में लंबे समय तक शौचालय का उपयोग न कर पाने के कारण असहजता महसूस होती है। इससे सामाजिक जीवन के साथ-साथ पेशेवर जीवन भी बाधित होता है।

### निदान के तरीके

उपचार में निम्नलिखित तरीके शामिल हो सकते हैं-

**रिलैक्स टेकनीकः** चिंता को कम करने में मदद करने के लिए विभिन्न रणनीतियों को सीखना।

**मनोचिकित्साः** गंभीर मामलों में, मनोवैज्ञानिक से मिलना मददगार हो सकता है। डॉक्टर ट्रैंक्विलाइजर या एंटीडिप्रेसेंट जैसी दवाओं के अल्पकालिक उपयोग का सुझाव दे सकते हैं।

**कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपीः** आपके सोचने और व्यवहार करने के तरीके को थेरेपी से बदलने की कोशिश की जाती है।

**ग्रेजुएटेड एक्सपोजर थेरेपीः** एक योजनाबद्ध कार्यक्रम जिसमें जानबूझकर अधिक से अधिक कठिन स्थानों पर यूरीन करने की कोशिश करना शामिल है। इससे व्यक्ति पब्लिक प्लेस पर यूरीन करने में सामान्य महसूस करने लगता है। *

**(मनोचिकित्सक डॉ. संजय गर्ग और मनोविज्ञानी डॉ. रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

मेटाबॉलिक डिसऑर्डर वास्तव में कोई एक रोग नहीं है बल्कि कई रोगों की वजह हो सकता है। इसके लक्षणों को इग्नोर करना सीरियस कंडीशन को उत्पन्न कर सकता है। ऐसे में इसके कारण, लक्षण और बचाव के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

## कई हेल्थ प्रॉब्लम्स की वजह
# मेटाबॉलिक डिसऑर्डर



**एडवाइस**
**डॉ. मोनिका शर्मा**

आज के दौर में जिस तरह की जीवनशैली हम लोग जी रहे हैं, उस वजह से हर आयुवर्ग के लोगों को स्वास्थ्य समस्याएं घेर रही हैं। मन-मस्तिष्क और शरीर को बीमार बनाने वाली बहुत सी व्याधियां इनमें शामिल हैं। ऐसे में कई बीमारियों की जड़ बन कर सेहत बिगाड़ने वाली समस्या मेटाबॉलिक डिसऑर्डर को लेकर सोचना आवश्यक है। मेटाबॉलिक डिसऑर्डर बहुत सी बीमारियों को पैदा करने वाला स्वास्थ्य विकार है। मेटाबॉलिक डिसऑर्डर से भोजन को ऊर्जा में बदलने वाली शरीर की सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं प्रभावित होती हैं। इसी प्रक्रिया से शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी चीजों का उत्पादन होता है। यही वजह है कि मेटाबॉलिक डिसऑर्डर की सेहत सुधारने या बिगाड़ने में बड़ी भूमिका होती है।

### क्या है मेटाबॉलिक डिसऑर्डर

मेटाबॉलिक डिसऑर्डर से जुड़ी समस्याएं बहुत सी वजहों से हो सकती हैं। आनुवंशिक,



अस्वास्थ्यकर आहार और असंतुलित जीवनशैली इसके अहम कारण हैं। इतना ही नहीं मेटाबॉलिक डिसऑर्डर, आमतौर पर शरीर के कई भागों पर दुष्प्रभाव डालते हैं। इसके लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। किसी मामले में स्थिति बेहद गंभीर भी हो सकती है।

### हो सकती हैं कई समस्याएं

समझना आवश्यक है कि ग्लूकोज मेटाबॉलिक डिसऑर्डर की समस्या, शरीर में ग्लूकोज के चयापचय को प्रभावित कर टाइप-2 मधुमेह के रिस्क को बढ़ाता है तो मेटाबॉलिक डिसऑर्डर का एक ग्रुप, हृदय रोग, स्ट्रोक के रिस्क को बढ़ाता है। इससे उच्च रक्तचाप, मोटापा विशेषकर कमर के आस-पास ओबेसिटी बढ़ना और उच्च कोलेस्ट्रॉल या ट्राइग्लिसराइड के स्तर से जुड़ी समस्याएं बढ़ती हैं। वहीं एसिड-बेस असंतुलन की स्थिति शरीर में एसिड और बेस के स्तर में असंतुलन पैदा करती है। मैलाब्जॉर्प्शन डिसऑर्डर की स्थिति (इस मेडिकल कंडीशन में डाइजेस्टिव सिस्टम के पार्ट इंटेस्टाइन में भोजन पचने के बाद उसमें मौजूद पोषक तत्वों का अवशोषण सही ढंग से नहीं हो पाता है) शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण में बाधा बनती है। आनुवंशिक विकार के रूप में इस व्याधि से शरीर के विशिष्ट मेटाबॉलिक पाथ वेज प्रभावित होते हैं।

### बढ़ रही है यह समस्या

हाल के वर्षों में भारत में मेटाबॉलिक डिसऑर्डर सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी बड़ी चिंता बन गया है। वयस्क आबादी में लगभग 30 प्रतिशत लोग इसके शिकार हैं। पुरुषों से ज्यादा महिलाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। वहीं अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन का अनुमान है कि यह विकार जल्द ही हृदय रोग के लिए जोखिम का अहम कारक बन जाएगा। 5 साल पहले के आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर 3 प्रतिशत बच्चे और 5 प्रतिशत किशोर इसका शिकार थे। समझना मुश्किल नहीं कि साल-दर-साल बिगड़ती जीवनशैली, खान-पान की अस्वस्थ आदतों और शारीरिक निष्क्रियता इस समस्या को और बढ़ा ही रही है।

### सजगता से करें बचाव

मेटाबॉलिक डिसऑर्डर संबंधी लक्षणों को समझ कर बचाव और इलाज की राह चुनना आवश्यक है। शरीर के कार्यों के अनगिनत पहलुओं पर प्रभावित करने वाली इस समस्या के सिमटंप्स अलग-अलग हो सकते हैं। लक्षण हल्के भी हो सकते हैं और सीरियस भी। कुछ सामान्य लक्षणों में थकान, मांसपेशियों में कमजोरी बहुत ज्यादा वजन बढ़ना या कम होना, पेट में दर्द, स्किन के रंग में बदलाव और भूख न लगना आदि शामिल हैं। ऐसे में अपनी जीवनशैली के साथ ही खान-पान के प्रति सजगता बरतना आवश्यक है। मेटाबॉलिक डिसऑर्डर से बचाव और ट्रीटमेंट के लिए डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। साथ ही ब्लड, यूरिन और दूसरी कई जांचें, खान-पान में बदलाव, संतुलित जीवनशैली और सही दवाओं के माध्यम से इस स्थिति के बाहर निकला जा सकता है। लेकिन देरी या अनदेखी करने पर



मेटाबॉलिक डिसऑर्डर के कारण स्वास्थ्य समस्याएं और बढ़ सकती हैं। इसलिए समझदारी इसी में है कि यहां बताए गए लक्षणों पर नजर रखें और डॉक्टर से सलाह लेने में देर न करें। *

**मेडिकल इश्यू**

हाल में ही यह खबर आई कि फिल्म एक्टर सलमान खान को ब्रेन संबंधी 3 गंभीर समस्याएं हैं। इन रोगों के बारे में विस्तार से बता रहे हैं श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-न्यूरोलॉजी, डॉ. राजुल अग्रवाल।

# ब्रेन रिलेटेड प्रॉब्लम्स से ग्रसित हैं सलमान खान

हाल ही में अभिनेता सलमान खान ने एक शो के दौरान ब्रेन एन्यूरिज्म, आर्टेरियोवेनस मालफॉर्मेशन (एवीएम) और ट्राइजेमिनल न्यूरॉल्जिया, तीन गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का जिक्र किया। इनके बारे में आप सभी को भी जानना जरूरी है, ताकि शुरुआती लक्षण पहचानकर समय रहते इलाज लिया जा सके।

**ब्रेन एन्यूरिज्मः** इस रोग में दिमाग की रक्तनलिका की दीवार कमजोर होने से वहां उभार या बैलून-सा बन जाता है। अगर यह फट जाए तो दिमाग में खून बहने लगता है, जिससे स्ट्रोक या जान का खतरा होता है। कारणों में पारिवारिक इतिहास, बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर, धूम्रपान, बढ़ती उम्र, सिर पर चोट आदि हो सकते हैं। इसके लक्षण अकसर नहीं दिखते, लेकिन फटने पर अचानक तेज सिरदर्द, उल्टी, गर्दन में अकड़न, बेहोशी या देखने में परेशानी हो सकती है। इलाज के तौर पर जल्द निदान के लिए सीटी स्कैन या एमआरआई किया जाता है। पेशेंट की कंडीशन के अनुसार दवाएं या सर्जरी (क्लिपिंग/कोइलिंग) की जरूरत होती है।

**बचाव के लिए सावधानियां:** हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखें। एल्कोहल ड्रिंकिंग, स्मोकिंग और ड्रग्स से बचना चाहिए। सिर में लगी चोट को नजरअंदाज न करें। फैमिली हिस्ट्री है तो नियमित जांच करवाते रहें।



**आर्टेरियोवेनस मालफॉर्मेशनः** एवीएम दिमाग या रीढ़ की हड्डी में नसों से संबंधित जन्मजात गड़बड़ी है। इसमें नसें और शिराएं ठीक से न जुड़कर आपस में उलझ जाती हैं, जिससे खून का बहाव असामान्य हो जाता है। इसके परिणामस्वरूप ब्रेन डैमेज, स्ट्रोक, समझने-बोलने की समस्या या ब्रेन ब्लीडिंग हो सकती है। इसके लक्षणों में सिरदर्द, चक्कर, कमजोरी, फिट्स, भाषण या याददाश्त में बाधा, देखने में परेशानी आदि शामिल हैं। इलाज के लिए डॉक्टर एमआरआई, सीटी एंजियोग्राफी कर सकते हैं। सर्जरी, एंबोलाइजेशन या रेडियोसर्जरी उपचार का हिस्सा हो सकते हैं।

**बचाव के लिए सावधानियां:** सिरदर्द, दौरे या अचानक कमजोरी दिखे तो तुरंत मेडिकल सलाह लें। नियमित चेकअप और डॉक्टर की निगरानी में रहे। बच्चों में पैरालिसिस या दौरे आते दिखें तो एवीएम की जांच कराएं।

**ट्राइजेमिनल न्यूरॉल्जियाः** इस बीमारी में चेहरे की मुख्य नर्व दब जाती है या उसमें गड़बड़ी आ जाती है, जिससे तेज बिजली के झटके जैसा दर्द होता है। यह दर्द कभी भी बोलते समय, हंसते समय, ब्रश करते समय या चेहरा छूने पर अचानक उठ सकता है और बहुत असहनीय होता है। इस रोग का मुख्य कारण नर्व पर खून की नस का दबना, ट्यूमर, चोट या कुछ मामलों में मायलिन शीथ की कमजोरी हो सकती है। इसके लक्षणों में शामिल है अचानक शुरू होने वाला कुछ सेकेंड से कई मिनटों तक रहने वाला तेज दर्द, त्वचा छूने पर और दर्द बढ़ना, खाना खाते, दांत ब्रश करते या हवा लगने से दर्द बढ़ जाना शामिल हैं। इसके इलाज में दवाएं, कभी-कभी सर्जरी, लेजर या रेडियोफ्रीक्वेंसी ट्रीटमेंट शामिल हैं।

**बचाव के लिए सावधानियां:** चेहरे पर बना किसी चोट के दर्द बढ़े, लंबे समय तक बना रहे या दवा लेने से भी न रुके तो तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट से मिलें। चेहरे पर सुन्नपन, कमजोरी या बार-बार दर्द उठे तो विशेषज्ञ के मार्गदर्शन पर ट्रीटमेंट करवाएं। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

# माई फिटनेस सीक्रेट रेग्युलर वर्कआउट

**फिटनेस फंडा/ निखिल आर्य**

सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'तेनाली रामा' में रहस्यमयी अतीत वाले शांत, सजग और समझदार कोतवाल के रोल में एक्टर निखिल आर्य दिख रहे हैं। अपना फिटनेस फंडा और डाइट प्लान के बारे में निखिल यहां बता रहे हैं अपनी जुबानी।



**डाइट प्लानः** हर इंसान का डाइट प्लान उसकी बॉडी टाइप, एक्टिविटी और दिनचर्या पर निर्भर करता है। मैं खुद किसी एक डाइट प्लान को फॉलो नहीं करता क्योंकि मेरी बॉडी कुछ समय बाद रिस्पॉन्ड करना बंद कर देती है और बदलाव की मांग करती है। लेकिन कुछ नियम हमेशा फॉलो करता हूं, जैसे हर 2 से ढाई घंटे में छोटे मील्स लेना, कभी भी 70% से ज़्यादा पेट नहीं भरना। अगर आपका जिम या वेट ट्रेनिंग रेगुलर है तो प्रोटीन लेवल को मेंटेन रखना जरूरी है। मैं अपने बॉडी वेट के अनुसार प्रोटीन कंज्यूम करता हूं। मैं वेजिटेरियन हूं और प्लांट बेस्ड प्रोटीन पर ज्यादा निर्भर करता हूं। इसके अलावा प्रोटीन के टाइप्स में भी बदलाव करता रहता हूं। डाइट से रिलेटेड एक और नियम फॉलो करता हूं कि जहां तक संभव हो, रात साढ़े आठ बजे के बाद कार्बोहाइड्रेट्स नहीं लेता हूं।

**वर्कआउट रूटीनः** आमतौर पर हफ्ते में 4 दिन वेट ट्रेनिंग करता हूं और 5 से 6 दिन बैडमिंटन खेलता हूं। फिजिकल और मेंटल हेल्थ के लिए रोज किसी न किसी रूप में योगा भी जरूर करता हूं।

**टाइम मैनेजमेंटः** वर्कआउट के लिए समय निकालना मेरे लिए कठिन नहीं होता है। सब कुछ मैनेज करने पर और आपकी प्रायोरिटी पर डिपेंड करता है। मेरा मानना है कि बॉडी आपका घर है और उसे हेल्दी-फिट रखने के लिए कुछ भी हो जाए, थोड़ा समय तो उसके लिए निकालना ही चाहिए। एक्सरसाइज बोझ समझकर नहीं करनी चाहिए, एंज्वॉयएबल होनी चाहिए ताकि समय अपने आप निकल जाए। एक्सरसाइज से ब्रेन में डोपामिन नामक 'हैप्पी हार्मोन' रिलीज होता है, जिससे काम करने की क्षमता भी बढ़ती है। मेरा फिटनेस फंडा है-हेल्दी डाइट और रेग्युलर वर्कआउट। *

**प्रस्तुतिः सेहत**






## ईसीओआर की माल ढुलाई जून तिमाही में 9.69% बढ़ी

**भुवनेश्वर।** पूर्व तटीय रेलवे (ईसीओआर) ने अप्रैल से जून 2025 तक कुल 6.82 करोड़ टन माल ढुलाई की, जो 9.69 प्रतिशत की वृद्धि है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ईसीओआर ने पिछले साल इसी अवधि में 6.22 करोड़ टन माल ढुलाई की थी। इस साल जून में माल ढुलाई 2.31 करोड़ टन तक पहुंच गई, जो पिछले साल इसी माह में 2.15 करोड़ टन की माल ढुलाई से 7.72 प्रतिशत की वृद्धि है। अधिकारी ने बताया कि पूर्व तटीय रेलवे द्वारा दैनिक औसत माल ढुलाई वर्तमान में 7.5 लाख टन है।

# पीएनबी ने दी राहत, अब खाते में न्यूनतम राशि न रखने पर नहीं लगेगी पेनाल्टी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने अकाउंट होल्डर्स को बड़ी राहत दी है। बैंक ने ऐलान किया है कि अब सेविंग्स अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस न मेंटेन करने पर कोई जुर्माना नहीं वसूला जाएगा। बैंक के इस फैसले से अकाउंट में मिनिमम बैलेंस रखने की चिंता से लोगों को राहत मिलेगी।

बैंक का कहना है कि इस कदम का मकसद वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और सभी के लिए बैंकिंग को अधिक सुलभ बनाना है। बैंक का यह नया नियम 1 जुलाई, 2025 से लागू हो गया है। इससे खासतौर पर महिलाओं, किसानों और निम्न आय वाले परिवारों को मदद मिलेगी। पिछले महीने केनरा बैंक ने भी जून के महीने से अपने सभी अकाउंट्स पर एवरेज मंथली बैलेंस (एएमबी) मेंटेन करने की जरूरत को हटा दिया। वहीं, मिनिमम बैलेंस मेंटेन न करने पर बैंक अपने ग्राहकों से जुर्माना वसूलती है। कई बार तो लंबे समय तक अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन न करने पर बैंक अकाउंट तक बंद करा देते हैं। मोटे तौर पर समझे तो बैंक एक बिजनेस है, जो अपने खर्चों को पूरा करने के लिए डिपॉजिट और पेनाल्टी पर ही निर्भर रहते हैं। मिनिमम बैलेंस को लेकर आरबीआई के नियम के मुताबिक, बैंक हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि खाते में मिनिमम बैलेंस मेंटेन न होने पर पेनाल्टी लगने से खाते का बैलेंस कहीं नेगेटिव में न चला जाए।

### पंजाब नेशनल बैंक का नया नियम एक जुलाई से लागू हो गया

**बैंक क्यों थोपते हैं मिनिमम बैलेंस का रूल?**

बैंक इसलिए अपने अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन करने के लिए कहती है ताकि अपने ऑपरेशनल खर्चों को पूरा किया जा सके और ग्राहकों को तरह-तरह की सर्विस जैसे कि ऑनलाइन बैंकिंग, एटीएम, ब्रांच वगैरह का खर्च उठा सके। कई बार बैंक मिनिमम बैलेंस मेंटेन करने पर ग्राहकों को अधिक इंटरेस्ट रेट, फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन जैसी सुविधाएं भी देती है।




**इन चीजों से भी बैंकों की होती है कमाई**

हालांकि, कई बार बैंक इसलिए इस नियम को हटा देते हैं ताकि दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों और कम आय वाले व्यक्तियों को बिना किसी जुर्माने के बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने में आसानी हो। इससे बैंक के ऑपरेशनल कॉस्ट का खर्चा कई दूसरी चीजों से निकल आता है जैसे कि एसएमएस अलर्ट फीस, सर्विस फीस, ट्रांजैक्शन फीस, इंटरेस्ट वगैरह।

# अनिल अंबानी को बड़ा झटका, आरकॉम के लोन अकाउंट पर भारतीय स्टेट बैंक लेगा कड़ा एक्शन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत करने और इसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रिपोर्ट करने का फैसला किया है। संभावना है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) को ऋण देने वाले अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी यही कदम उठाया जाएगा।

रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से इस संबंध में 23 जून, 2025 का एक पत्र मिला है। बैंक की 'धोखाधड़ी पहचान समिति' को कर्ज के निर्धारित से अलग इस्तेमाल का पता चला है। एसबीआई ने कंपनी के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में दर्ज करने और आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अनिल अंबानी का नाम केंद्रीय बैंक को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

### बैंक ने अनिल अंबानी का नाम आरबीआई को रिपोर्ट करने का लिया फैसला

**21 दिन के भीतर सूचना देनी चाहिए**

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, जब कोई बैंक किसी खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत करता है, तो ऋणदाता को धोखाधड़ी का पता चलने के 21 दिन के भीतर आरबीआई को इसकी सूचना देनी चाहिए और मामले की सूचना सीबीआई/ पुलिस को भी देनी चाहिए। सूचना के अनुसार, रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी अनुषंगी कंपनियों को बैंकों से कुल 31,580 करोड़ रुपये का कर्ज मिला।

**44 प्रतिशत का उपयोग कर्ज पटाने में**

इस अवधि के बाद, यह निर्णय अलग-अलग संस्थाओं को लेना होगा कि ऐसे उधारकर्ता को ऋण दिया जाए या नहीं तथा धोखाधड़ी वाले खातों के मामले में कोई पुनर्गठन या अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान नहीं की जा सकती हैं। धोखाधड़ी पहचान समिति की रिपोर्ट के अनुसार, कुल ऋण में से 13,667.73 करोड़ रुपये यानी करीब 44 प्रतिशत का उपयोग कर्ज और अन्य दायित्वों के पुनर्भुगतान में किया गया। शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया गया कि 6,265.85 करोड़ रुपये का उपयोग अन्य बैंक कर्ज को चुकाने के लिए किया गया और 5,501.56 करोड़ रुपये का भुगतान संबंधित या जुड़े पक्षों को किया गया, जो स्वीकृत उद्देश्यों से संरेखित नहीं थे।




**कर्ज निर्धारित जगह के बजाय अन्यत्र किया गया**

एसबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशन को भेजे पत्र में कहा कि इसमें पाया गया है कि कर्ज के निर्धारित के बजाय अन्यत्र इस्तेमाल के कारण समूह की कई इकाइयों में कोष की आवाजाही का जटिल जाल फैला हुआ है। उसने कहा, "हमने अपने 'कारण बताओ नोटिस' के जवाबों का संज्ञान लिया है और उनकी उचित जांच के बाद यह निष्कर्ष निकाला है कि प्रतिवादी द्वारा ऋण दस्तावेजों की सहमत शर्तों और नियमों का पालन नहीं किया।"

# विदेशी कोषों की बिकवाली से सेंसेक्स 288 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली दबाव और अमेरिकी शुल्क टाले जाने की समयसीमा समाप्ति की तारीख करीब आने के साथ सतर्क रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स 288 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक के नुकसान में रहा। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख ने भी धारणा को प्रभावित किया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 287.60 अंक की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 88.40 अंक की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और ट्रेंट शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "मिले-जुले वैश्विक संकेतों, खासतौर पर शुल्क छूट की समयसीमा की समाप्ति से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। बाजार का ध्यान धीरे-धीरे कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों पर है, जिससे काफी उम्मीदें हैं।"

■ टैरिफ शुल्क टाले जाने की समय सीमा करीब आने से निवेशक सतर्क

**एशियाई बाजार रहे नुकसान में**

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक लाभ में रहा।

## रुपया नौ पैसे टूटकर 85.68 प्रति अमेरिकी डॉलर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे टूटकर 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में मामूली सुधार से भी रुपये पर दबाव पड़ा क्योंकि बाजार निवेशक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का इंतजार कर रहे हैं, जिसके लिए बातचीत जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.59 पर खुला। इसने कारोबार के दौरान 85.57 के उच्चस्तर तथा 85.75 के निचले स्तर को छुआ। अंत में यह 85.68 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया 17 पैसे बढ़कर 85.59 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत चढ़कर 96.95 पर पहुंच गया।



### दूसरी श्रेणी के शहरों का बड़ा योगदान : रिपोर्ट

## जून में भर्तियां 20 प्रतिशत बढ़ीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

व्हाइट कॉलर (कार्यालय में बैठकर काम करने वाले) नौकरियों के लिए कुल भर्तियां जून में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें मुख्य रूप से दूसरी श्रेणी के शहरों का योगदान रहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नौकरी मंच फाउंडइट.इन पर आधारित ऑनलाइन नौकरी संबंधी गतिविधियां पोस्ट करने वाले फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के अनुसार, भारत में दूसरी श्रेणी के शहर देश की रोजगार वृद्धि को गति देने वाले प्रमुख इंजन के रूप में उभर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कोयंबटूर में अवसरों में वृद्धि देखी गई, इसके बाद नागपुर और नासिक में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें मुख्य योगदान सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा), विनिर्माण और एफएमसीजी (रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद) जैसे क्षेत्रों का योगदान है।फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी (सीआरजीओ) प्रणय काले ने कहा, "दूसरी श्रेणी के शहरों की ओर भर्ती की गति में बदलाव, खास तौर पर आईटी और प्रवेश स्तर की भूमिकाओं में उल्लेखनीय है।



**हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि**

काले ने कहा, "नियोक्ताओं के लिए ये शहर बेहतर बुनियादी ढांचे, लक्षित निवेश और भौगोलिक रूप से विविधता के रणनीतिक इरादे से प्रेरित पर्यावरण अनुकूल वृद्धि के लिए रणनीतिक अवसर प्रदान करते हैं।" काले ने कहा कि यह हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि है, जो भारत के रोजगार परिदृश्य में दूसरी श्रेणी के शहरों के बढ़ते महत्व को रेखांकित करती है।

**इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कृषक नगर, रायपुर-492012 (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक / स्टोर्स /25-26/2025/448 — रायपुर, दिनांक : 1/07/2025

**प्रवेश सूचना (विज्ञापन)**

**पी.ए.टी. परीक्षा-2025 के आधार पर बी.एस-सी. (ऑनर्स) कृषि (नई शिक्षा नीति 2020 के तहत) में प्रवेश हेतु सूचना**

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अन्तर्गत संचालित पी.ए.टी. प्रवेश परीक्षा-2025 : बी.एस-सी. (ऑनर्स) कृषि पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन हेतु दिशा-निर्देश एवं अन्य समस्त जानकारी हेतु नियमित वेबसाईट www.igkv.ac.in पर दिनांक 02 जुलाई 2025 से उपलब्ध होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 02 जुलाई, 2025 से 11 जुलाई, 2025 (रात्रि 12:00 बजे) के मध्य www.igkv.ac.in पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। इस अवधि में पंजीयन कराने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत उपरोक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जायेगा।

**नोट :** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु समस्त जानकारी के लिए वेबसाईट www.igkv.ac.in का नियमित अवलोकन करें।

सं.-44419

**कुलसचिव**
**इ.गां.कृ.वि., रायपुर**

**कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विकास खण्ड-अकलतरा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा के लिए आयोग से समय मांग रहे हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि अब से चुनाव प्राधिकरण 'अनधिकृत व्यक्तियों' के ऐसे अनुरोधों को खारिज कर देगा। अधिकारियों के अनुसार, कांग्रेस के एक कानूनी सलाहकार ने कई राजनीतिक दलों की ओर से इस मामले को लेकर दो जुलाई को चुनाव आयोग के साथ तत्काल बैठक की मांग की। उन्होंने एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने का दावा किया और 30 जून को प्राप्त ई-मेल में 'इंडिया' गठबंधन की लगभग सभी पार्टियों का नाम लिया।हालांकि, सूत्रों ने कहा कि केवल दो पार्टियों भाकपा (माले) लिबरेशन और माकपा ने अब तक बैठक में अपनी उपस्थिति को लेकर पुष्टि की है।

### उबर, ओला और...

राजमार्ग मंत्रालय ने अपने 'मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश-2025' में कहा है कि 'एग्रीगेटर को उप-खंड (17.1) के तहत निर्दिष्ट आधार किराये से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा अधिकतम दोगुना मूल्य निर्धारण की अनुमति होगी। इसके अलावा, निश्चित आधार किराया न्यूनतम तीन किलोमीटर के लिए होगा, ताकि 'डेड माइलेज' की भरपाई की जा सके। इसमें बिना यात्री के तय की गई दूरी, यात्रा वाली दूरी और यात्री को लेने के लिए उपयोग किया गया ईंधन शामिल है। दिशानिर्देशों के अनुसार, मोटर वाहन की संबंधित श्रेणी या वर्ग के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किराया, एग्रीगेटर से सेवाएं प्राप्त करने वाले यात्रियों के लिए देय आधार किराया होगा। राज्यों को तीन महीने के भीतर संशोधित दिशा-निर्देशों को अपनाने की सलाह दी गई है। कैब रद्दीकरण के मामले में, अगर रद्दीकरण, एग्रीगेटर द्वारा वैध कारण के बिना किया जाता है तो चालक पर किराये का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा, जो 100 रुपए से अधिक नहीं होगा। बिना किसी वैध कारण के टिकट रद्द करने पर यात्री पर भी इसी प्रकार का जुर्माना लगाया जाएगा।

**ड्राइवरों के लिए बीमा अनिवार्य-**

अब कैब कंपनियों को ये सुनिश्चित करना होगा कि उनके सभी ड्राइवरों के पास कम से कम 5 लाख रुपये का हेल्थ इंश्योरेंस और कम से कम 10 लाख रुपये का टर्म इंश्योरेंस हो।

### आया आईईडी की...

आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रेशर आईईडी विस्फोट के कारण विशाल गोटे को पैर एवं चेहरे में गंभीर चोटें आई हैं। घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मद्देड़ लाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बीजापुर के बाद मेडिकल कॉलेज जगदलपुर रेफर किया गया। जहां उसका उपचार जारी है। बीजापुर एसपी ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल क्षेत्रों में भ्रमण करते समय विशेष सतर्कता बरतें एवं किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस थाना या निकटतम सुरक्षा कैम्प को दें।

### दुर्गम राह पर भक्तों...

इस साल की यात्रा के लिए अब तक 3,31,000 से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। तीर्थयात्रा के लिए यहां आने वाले श्रद्धालुओं का मौके पर ही पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले दो दिनों में करीब 4,000 टोकन बांटे गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल ने उच्च सुरक्षा वाले भगवती नगर आधार शिविर में पहुंचने के तुरंत बाद पूजा की और बाद में कश्मीर में दोनों आधार शिविरों के लिए यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यात्रा को हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम के दौरान सिन्हा के साथ स्थानीय विधायक, शीर्ष अधिकारी और विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रमुख मौजूद थे। सिन्हा ने कहा, मैंने भगवती नगर आधार शिविर से श्री अमरनाथ जी यात्रा के तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया है। सभी आध्यात्मिक साधकों को भगवान शिव के पवित्र निवास तक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की शुभकामनाएं। यह यात्रा एक गहन आत्मिक अनुभव प्रदान करेगी। बाबा अमरनाथ से सभी के लिए शांति और आशीर्वाद की प्रार्थना की।'' उन्होंने कहा, पूरे देश से श्रद्धालु यहां आए हैं। ऐसा लगता है कि जम्मू शहर में कोई बड़ा उत्सव है। उत्साह बहुत अधिक है। भोलेनाथ के भक्तों ने आतंकवादियों की सभी धमकियों को दरकिनार कर दिया है और भोलेनाथ के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में यहां आ रहे हैं।'' उन्होंने सुरक्षा के बारे में कहा कि राजभवन और पुलिस नियंत्रण कक्ष में एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र से यात्रा की 24 घंटे निगरानी की जा रही है, जबकि आरएफआईडी (रेडियो आवृत्ति पहचान) -आधारित निगरानी प्रणाली भी लगाई गई है। सिन्हा ने कहा कि चंदनवाड़ी और बालटाल यात्रा आधार शिविरों में ओएनजीसी (तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड) ने 100 बिस्तरों वाला अस्पताल बनाया है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर में एक बोर्ड कार्यालय और यात्री निवास का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा, हम चार जुलाई को बालटाल में भी ऐसे केंद्र का उद्घाटन करेंगे। सिन्हा ने कहा, 2022 से अमरनाथ यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं में सुधार हुआ है। अमरनाथ गुफा मंदिर तक जाने वाले दोनों मार्ग पहले छह फुट चौड़े हुआ करते थे, जो अब बारह फुट चौड़े हैं। **रेलवे स्टेशन पर विशेष व्यवस्था-** उत्तर रेलवे ने अमरनाथ यात्रा करने के इच्छुक तीर्थयात्रियों के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाने की योजना बनाई है। इसके तहत प्राधिकारियों ने जम्मू रेलवे स्टेशन पर आगमन पर पंजीकरण और चिकित्सा जांच सहित विभिन्न सुविधाएं स्थापित की हैं। **सुरक्षा में मुस्तैद सीआरपीएफ-** सीआरपीएफ ने जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के सिलसिले में गुफा मंदिर तक पहुंचने के लिए बालटाल मार्ग लेने वाले तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए महिला कर्मियों की 'क्या मैं आपकी मदद कर सकती हूं' नामक विशेष टीम तैनात की है। सीआरपीएफ ने इस वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए सबसे अधिक संख्या में कर्मियों को तैनात किया है। यात्रा के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 581 कंपनियां तैनात की गयी हैं जिनमें 219 सीआरपीएफ से हैं, जबकि बाकी सीमा सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल जैसे बलों से हैं।

### केंद्र सरकार...

आग्रह किया था। हालांकि राज्य में अब तक करीब 87 प्रतिशत ग्राहकों को चावल वितरित किया जा चुका है। इसमें बीपीएल और एपीएल दोनों शामिल है।







epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022




## आवश्यकता है

आवश्यकता है-एकाउंटिंग कार्य हेतु B.Com, ग्रेजुएट, अंडर ग्रेजुएट Tally अनुभवी लड़के, लड़कियां चाहिए वेतन योग्यता अनुसार पता-श्री साईबाबा लॉजिस्टिक, मोहदा मोड़ टोल प्लाजा के पास रायपुर रोड बिलासपुर 92263 39802, 7650877777 (38145)

आवश्यकता है-बुकिंग में कार एवं इनोवा चलाने हेतु 5वर्ष अनुभवी ड्राइवर (वेतन 12000+ 100 भत्ता+ 100 नाईट) एवं यार्ड में सफाई हेतु कुली, चपरासी लड़के चाहिए। (समय सुबह 9 से शाम 7बजे) पता-सक्षम ट्रैवल्स बिलासपुर 6264125145, 98271 92189 (38146)

आवश्यकता है-मैनेजर-1 (30वर्ष से ऊपर), वेटर-1 की आवश्यकता है वेतन 11000 प्रतिमाह बाहरी को रहना, खाना निःशुल्क, ओरिजनल आईडी सहित सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898, 94063 90898 (38148)

आवश्यकता है-घर में खाना बनाने हेतु कुक पुरुष कर्मचारी की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध है। आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- 9827195555 (38147)

आवश्यकता है-बागेश्वर बालाजी कोल एण्ड ट्रांसपोर्ट में फिल्ड वर्क के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 85169 00999 (38149)

आवश्यकता है-दवाई दुकान में होलसेल, रिटेल में काम करने हेतु लड़के और ड्राइवर, जो ऑटो गेयर वैगनआर गाड़ी चला सके की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7869797088, 8770939973 (38150)

आवश्यकता है-औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षागार्ड वेतन 14000 सुपरवाइजर वेतन 16000 फील्ड ऑफिसर वेतन 15000 आवास फ्री PF+ ESIC सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा रायपुर, छ.ग. 77470 00019, 7746000016, 7747000016, 77460 00019 (074)

आवश्यकता है-छत्तीसगढ़ में नवबोध प्रकाशन की किताबों के प्रचार कार्य हेतु 12वीं पास लड़कों की। (वेतन, रहना खाना) संपर्क- धमतरी- 9644033457, सारंगगढ़- 9575647423, गरियाबंद- 8965043034, बालोद- 9201967001, जगदलपुर- 9098118268, कोंडागांव- 9399232242, बीजापुर- 6261476764, दंतेवाड़ा- 7587844565, सुकमा-9399970205 रायपुर ऑफिस- 7471145007, 7471145004 पता-7, समता कॉलोनी, भीमसेन भवन के सामने, रायपुर (226)

आवश्यकता है-जर्नी कंसल्टेंसी ग्रुप को 1 चपरासी महिला/ पुरुष की आवश्यकता है ऑफिस कार्यालय देखभाल एवं चाय पानी हेतु, रहने, खाने की सुविधा वेतन 4अंकों में सम्पर्क करें- 9993316757 (38151)

आवश्यकता है-आफिस में कार्य हेतु एकाउंटेंट 10वर्ष अनुभवी+ टैली जानकार एवं मेडिकल एजेन्सी में काम करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियां चाहिए। सम्पर्क करें- रिलायंस ट्रेड लिंक, व्यापार विहार बिलासपुर 9300795080 (38139)

आवश्यकता है-स्टूडेन्ट मेस में नाश्ता एवं खाना बनाने के लिए कुक और हेल्पर की आवश्यकता है। घर जैसा खाना, नाश्ता बनाना है सम्पर्क करें- 9755655055, 7000755683 (38144)

आवश्यकता है-Secure N Safe Pest Control को 4 टेक्नीशियन, 2 सेल्स ऑफिसर चाहिए वेतन 10000 से 15000+ खाना, पैट्रोल+ सुविधाएं। लोकेशन बिलासपुर पता- HIG-3, पारिजात एक्सटेंशन नेहरू नगर बिलासपुर 7999116800, 9893241870 (38130)

आवश्यकता है-(M/F) फुल टाइम सोशल मीडिया मैनेजर, ग्राफिक डिजाइनर (कोरलड्रा, फोटोशॉप) वीडियो एडिटर (समय 11 से 8), सैलरी 8000 से 12000, सम्पर्क करें- मेन रोड नेचर सिटी गेट, उसलापुर 7389938413, 9179294949 (38132)

आवश्यकता है-OMI Company में ऑफिस हेतु लड़के लड़कियां चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28 आय 8500 से 18000 रहना खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा बिलासपुर 8818877406, 96444 33021 (38140)

आवश्यकता है-सुबह 9बजे से शाम 6:30 बजे तक घर में सभी घरेलू काम करने के लिए काम वाली बाई एवं खाना बनाने वाली की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9685901101 (38137)

आवश्यकता है-फिरोजाबाद बैंगल्स स्टोर चूड़ी एवं मनिहारी दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- तेलीपारा बिलासपुर 94255 38825 (समय सुबह 9.30 से रात 9बजे तक) (38122)

Required-Staff for GST work, accounting & Audit Work Commerce Graduate with experience in Excel, Tally. Contact- G.L. Jain & Associates Gaurav Tower 3rd Floor Near ICAI Office Vyapar Vihar Bilaspur 9827167981, 07752409634 (38138)

आवश्यकता है-अनुभवी रिसेपशनिस्ट हॉस्पिटल मैनेजमेंट, अनुभवी PRO (फील्ड वर्क अनुभवी) OT टेक्नीशियन, नर्सिंग स्टाफ, X-Ray टेक्नीशियन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (38131)

आवश्यकता है-अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पद संख्या 725 वन रक्षक, फील्ड ऑफिसर, माली, वन सिपाही, सैलरी 27500+62500 पढ़ाई- 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्स एप करे- धीरेंद्र कुमार 7392890179 (1004)

आवश्यकता है-बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423 (38136)

आवश्यकता है-बिलासपुर राजकिशोर नगर में ओला एवं ट्रैवल्स में कार चलाने हेतु परमानेंट तीन ड्राइवरो की आवश्यकता है वेतन 10000 से 12000+ भत्ता सम्पर्क करें- 8109400008 92439 58051 (2578)

आवश्यकता है-घरेलू समस्त कार्य करने के लिए महिला की आवश्यकता है रहने की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- पाटलिपुत्र कॉलोनी राजकिशोर नगर, बिलासपुर 99939 02995, 9301186703 (37851)

आवश्यकता है-घर पर रहकर हमारे घर में घरेलू काम करने के लिए लड़का या लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गुरुद्वारा के बाजू में गोड़पारा बिलासपुर 96692 11111, 9827175811 (38103)

आवश्यकता है-Ordeal Company को 120 लड़के लड़कियों की आवश्यकता है आय 8500 से 18000 रहना खाना फ्री परमानेन्ट जॉब सम्पर्क करें- उस्लापुर ओव्हर ब्रिज के पास दीप सागर नगर बिलासपुर 8003402269 (38106)

आवश्यकता है-ऑफिस में 10 से 5:30 काम करने के लिए 18 से 35वर्ष तक की लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी योग्यता अनुसार इच्छुक ही सम्पर्क करें- राजेंद्र नगर बाल उद्यान के पास बिलासपुर 74703 28986 (151)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता- 10वी, 12वीं, ग्रेजुएट उम्र 18 से 35, समय 10 से 5:30 सैलरी 5000+ कमीशन सम्पर्क करें- नियर मैग्नेटो मॉल साईं मंदिर बिलासपुर 8817571731 (148)

आवश्यकता है-गिरीश ट्रेडर्स दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नरेश बाजार के बगल में मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9300111207 (38133)

आवश्यकता है-चाय पत्ती की फैक्ट्री में 12वीं पास लड़कों जो सेल्समेन काम कर सके एवं ड्राइवर की भी आवश्यकता है सम्पर्क करें-नियर SBI ATM आकृति विहार अमली डीह रायपुर 7469980000, 0771 4075490 (6809)

आवश्यकता है-ऑफिस में टैली कॉलिंग कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 28वर्ष तक सैलरी 5000+ कमीशन सम्पर्क करें- अमेरी चौक के पास बिलासपुर 8640094546 (152)

आवश्यकता है-ऑफिस हेतु टेलीकालिंग महिलाओं एवं युवतियों की आवश्यकता है योग्यता 8वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन सैलरी योग्यता अनुसार 10000 से 20000 तक सम्पर्क करें- मन्दिर चौक बिलासपुर 75870 27996 (0022)

आवश्यकता है-ऑफिस में टैलीकॉलिंग हेतु महिलाओं लड़कियों की आवश्यकता है सैलरी+ कमीशन योग्यता- 8वी से ग्रेजुएट सम्पर्क करें- CMO ऑफिस के पास सरकंडा बिलासपुर 8827828446, 8827552921 (133)

## व्यापार

व्यापार-जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000 से 50000 प्रतिमाह आमदनी जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें-APS इंटरप्राइजेस रायपुर-9111760925, 99776 76447, बिलासपुर- 83599 13999, 9589288936 रायगढ़, अंबिकापुर कोरबा 9826020603 (080)

## किराया

Rent-Shriram Plaza, beside Kotwali, 2BHK flat for rent to service class family, car parking, lift, east face, semi furnished. Contact- 9425535921, 9131105614 (38127)

## बेचना है

बेचना है-तिफरा स्थित झूलेलाल मंगलम के बाजू में खुशी विहार कॉलोनी में सब्जी मण्डी के पहले डबल रोड पर पूर्व मुखी 2BHK नया मकान बेचना है सम्पर्क करें- 93036 26513, 9111218350 (38116)

बेचना है-(1) पेंड्रीडीह से कटघोरा बायपास रोड बोड़सरा में मेन रोड पर 100×86 प्लाट (2) पेंड्रीडीह से दर्रीघाट बायपास रोड कड़ार मेन रोड पर 23 डिसमिल जमीन 118 का फ्रंट (3) भारतीय नगर में 1400 वर्गफीट प्लॉट अयप्पा मंदिर के पास (4) मोपका में 50 डिसमिल, 36 डिसमिल जमीन बाउंड्रीवॉल से घिरा बेचना है सम्पर्क करें- 9479169997 (137)

बेचना है-अटल यूनिवर्सिटी, सैनिक आधारशिला स्कूल, सरस्वती महाविद्यालय के सामने 100×130, नेशनल हाईवे रोड के ऊपर निरतु कोनी बिलासपुर में 132×184 का शानदार प्लाट हॉटल, हॉस्टल, हॉस्पिटल एवं इन्वेस्टमेंट हेतु उपयुक्त सम्पर्क करें- 94064 41535 (149)

## चिकित्सा

चिकित्सा- निःशुल्क होमियोपैथी परामर्श- 30 वर्षीय अनुभवी (एमडी डाक्टर के द्वारा) प्रत्येक शनिवार- रविवार शाम 6 से 8 असुविधा से बचने के लिए पूर्व में काल कर लें मो. 7898132122, 94073 35377 (महीने भर की सेवा हेतु पंजीयन अनिवार्य) सम्पर्क करें- पता-504, सेन्ट्रम बिल्डिंग भाठागांव चौक रायपुर (6807)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**




## फाइनेन्स

फाइनेन्स-रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 25लाख तक, 1% ब्याज वार्षिक, प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, सम्पर्क करें- 93118 30460 (150)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें


- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत गॉफ और ज्वेरेव पहले दौर में बाहर

एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट



नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या के कारण दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को 6-1, 6-7 (7), 6-2, 6-2 से हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा, 'मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की चमत्कारिक गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा।' ज्वेरेव को पहले दौर में 72वीं रैंकिंग वाले आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में चार घंटे 40 मिनट में 7-6 (3), 6-7 (8), 6-3, 6-7 (5), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था और वह ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में 18 बार तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। पिछले वर्ष विम्बलडन और इस साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्हें निकोलोज बेसिलशविली ने बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया में 126वें नंबर के खिलाड़ी और यहां क्वालीफायर बेसिलशविली अपने पिछले 31 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में केवल एक बार चौथे दौर तक पहुंच पाए हैं।


## गॉफ पहले दौर में बाहर

विंबलडन में मंगलवार को उलटफेर का दौर जारी रहा तथा महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार



गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 7-6 (3), 6-1 से हराया। इस तरह से विंबलडन में पहले दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (13 पुरुष और 10 महिला) दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे। दूसरे दिन बाहर होने वाले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ियों में 18वें नंबर के उगो हम्बर्ट, 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव, 28वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक और 30वें नंबर के एलेक्स मिशेलसन शामिल थे।

## क्वितोवा ने विंबलडन को कहा अलविदा



लंदन। दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिका की ऐमा नवारो के खिलाफ हार के साथ अपने पसंदीदा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की 35 साल की क्वितोवा को 10वीं वरीय नवारो के खिलाफ सीधे सेट में 3-6, 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2011 और 2014 में यहां खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है। भावुक क्वितोवा ने कहा, 'यह जगह मेरे लिए सबसे अच्छी यादें समेटे हुए है।' उन्होंने कहा, 'मैंने कभी विंबलडन जीतने का सपना नहीं देखा था और मैंने इसे दो बार जीता। यह बेहद खास बात है।' क्वितोवा ने कहा, 'मुझे विंबलडन की कमी खलेगी। मुझे टेनिस की कमी खलेगी, मुझे आप प्रशंसकों की कमी खलेगी लेकिन मैं जीवन के अगले अध्याय के लिए भी तैयार हूं।' वाइल्ड कार्ड आमंत्रण पर यहां खेलने वाली क्वितोवा मातृत्व अवकाश के कारण पिछले साल के टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाईं थी। क्वितोवा ने 2011 में यहां फाइनल में मारिया शारापोवा को 6-3, 6-4 जबकि 2014 में फाइनल में युगिनी बुचार्ड को 6-3, 6-0 से हराया था।

## खबर संक्षेप



### मुख्य फुटबॉल कोच मारक्वेज ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली।** आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ 'आपसी सहमति' पर पहुंचने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एआईएफएफ पर हाल में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही तय करने का दबाव था। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने बैठक में 56 वर्षीय मारक्वेज को पदमुक्त करने पर सहमति जताई क्योंकि उन्होंने ऐसा करने की इच्छा जताई थी। मारक्वेज के अनुबंध में एक साल बाकी था। एआईएफएफ के उप महासचिव के सत्यनारायण ने बताया, 'एआईएफएफ और मनोलो ने दोनों पक्षों पर कोई वित्तीय प्रभाव डाले बिना आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। इसलिए उन्हें भारत के कोच के पद से मुक्त कर दिया गया है।

### एशियाई चैंपियन धाविका ज्योति याराजी चोटिल


**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी को 'कुछ दिन पहले' ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई, जिससे सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए उनकी



उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली याराजी के पास सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है लेकिन हाल में लगी चोट उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड (12.78 सेकेंड) धारक याराजी ने लिखा, 'कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्यपूर्ण चोट लगने के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा।'

### सुधांशु मित्तल फिर चुने गए केकेएफआई के अध्यक्ष, विर्क नए सचिव

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता सुधांशु मित्तल बुधवार को फिर भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) के अध्यक्ष चुने गए जबकि उपकार सिंह विर्क इसके नए सचिव बने।



केकेएफआई की बैठक में हुए चुनाव की देखरेख सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश और निर्वाचन अधिकारी कामिनी लाउ ने की। महाराष्ट्र खो खो संघ के गोविंद शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। पंजाब खो खो संघ के विर्क पिछली संचालन संस्था में संयुक्त सचिव थे जबकि शर्मा कार्यकारी सदस्य थे। खो खो की संचालन संस्था में आठ उपाध्यक्ष और चार संयुक्त सचिव शामिल हैं। परिणामों की घोषणा के बाद मित्तल ने कहा, 'फिर से भारतीय खो खो महासंघ के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपा जाना सम्मान की बात है।'

## इंडिया बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन

# कप्तान गिल ने मारी सेंचुरी विदेशी सरजमीं पर बनाया रिकार्ड

**खास बात**

- गिल का बतौर कप्तान लगातार दूसरा शतक, भारत के 5 विकेट पर 310 रन

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

कप्तान शुभमन गिल की संयम से भरी लगातार दूसरी शतकीय पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन बुधवार को 5 विकेट पर 310 रन बना लिए। वो अब बतौर कप्तान अपने पहले दोनों टेस्ट मैचों में सेंचुरी लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। उनसे पहले विराट कोहली, विजय हजारे और सुनील गावस्कर ऐसा कर चुके हैं। दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पहले दिन का खेल समाप्त होने पर गिल 216 गेंद में 114 और रविंद्र जडेजा 67 गेंद में 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। गिल ने शोएब बशीर को लगातार स्वीप शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। वह और जडेजा छठे विकेट की अटूट साझेदारी में 99 रन बना चुके हैं।



### नहीं चला ऋषभ का बल्ला

पहले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत ने 42 गेंद में 25 रन बनाए जबकि शार्दुल ठाकुर की जगह चुने गए नीतिश कुमार रेड्डी एक ही रन बना सके। अंतिम सत्र में ये दोनों बल्लेबाज आउट हुए। पंत को बशीर ने लांग आन पर जैक क्रॉली के हाथों लपकवाया। वहीं रेड्डी को क्रिस वोक्स ने बोल्ड किया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल शतक से चूक गए। दूसरे सत्र में स्टोक्स ने जायसवाल को शॉर्ट और वाइड गेंद पर विकेट के पीछे जैमी स्मिथ के हाथों लपकवाया। जायसवाल ने 107 गेंद में 13 चौकों की मदद से 87 रन बनाए। भारत ने दूसरे सत्र में 28 ओवर में जायसवाल का विकेट खोकर 84 रन बनाए।

### इंग्लैंड के खिलाफ लगातार 3 शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज

इंग्लैंड के खिलाफ लगातार 3 शतक जड़ने वाले पहले भारतीय मोहम्मद अजहरुद्दीन हैं। उन्होंने 1984-1985 में ऐसा किया था। दिलीप वेंगसरकर ने 1985-1986 में ऐसा किया था। राहुल द्रविड़ ने ऐसा दो बार किया है। द्रविड़ ने 2002 में और 2008 और 2011 में ऐसा किया था। शुभमन गिल ने 2024-2025 में लगातार तीन शतक जड़े।

इंग्लैंड के खिलाफ शुभमन गिल लगातार 2 शतक जड़ने वाले भारत के तीसरे कप्तान बने। विजय हरा ने 1951-52 में दिल्ली और बेबोर्न में शतक जड़े थे। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में लॉर्ड्स और ओल्ड ट्रैफर्ड में शतक जड़े थे।

### केएल राहुल सस्ते में लौटे पवेलियन

गिल 34वें ओवर में ब्रायडन कार्स की गेंद पर पगबाधा की पुरजोर अपील से बाल बाल बचे। उन्होंने इंग्लैंड के एकमात्र स्पिनर बशीर को एक्स्ट्रा कवर पर चौका जड़ा जबकि पंत ने मिड आन के ऊपर से उन्हें छक्का लगाया। सुबह पहले घंटे में केएल राहुल (26 गेंद में दो रन) को क्रिस वोक्स ने सस्ते में आउट कर दिया। कार्स ने लंच से ठीक पहले करूण नायर (31 रन) को दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक के हाथों लपकवाकर भारत को दूसरा झटका दिया। पहले घंटे में गेंद को ज्यादा स्विंग तो नहीं मिली लेकिन सीम खूब मिली। कार्स ने जायसवाल को छाती पर गेंद डालने की कोशिश की लेकिन इस युवा बल्लेबाज ने बखूबी सामना किया। उन्होंने कार्स को कुछ अच्छे कवर ड्राइव लगाकर शुरूआत की। उन्होंने स्टोक्स को शानदार पूल शॉट भी खेले।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# हेडिंग्ली में दो शतक लगाकर छठे नंबर पर पहुंचे ऋषभ पंत



एजेंसी ▶▶| दुबई

- 800 बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर
- हेडिंग्ली टेस्ट में पंत ने 134 और 118 रनों की शानदार पारियां खेली थीं

हेडिंग्ली टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। पंत ने इस टेस्ट में 134 और 118 रनों की पारियां खेली थीं, जिससे रैंकिंग में उन्हें एक स्थान का फ़ायदा हुआ। हालांकि यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नहीं है। उन्होंने 2022 में टेस्ट रैंकिंग में पांचवां स्थान हासिल किया था। पंत के अब कुल 801 रेटिंग अंक हो गए हैं, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग अंक है। हालांकि वह अब भी नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज जो रूट से 88 अंक पीछे हैं। रूट ने हेडिंग्ली में पहली पारी में 28 और दूसरी पारी में नाबाद 53 रन बनाए थे। पिछले मैच में शतक लगाने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज़ बेन डकेट करियर की सर्वश्रेष्ठ 787 रेटिंग अंक के साथ आठवें स्थान पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ बारबाडोस टेस्ट में दोनों पारियों में अर्धशतक लगाकर तीन स्थान की छलांग लगाई और वह अब शीर्ष-10 में हैं। हेड ने पहली पारी में 59 और दूसरी पारी में 61 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई थी। हेडिंग्ली में पांच विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह गेंदबाज़ों की रैंकिंग में नंबर-1 पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जॉश हेज़लवुड ने बारबेडोस टेस्ट की दूसरी पारी में 43 रन देकर 5 विकेट झटके थे। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए। वेस्टइंडीज़ के जेडन सील्स ने पहली पारी में 60 रन देकर 5 विकेट लिए थे। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जाडेजा शीर्ष स्थान पर बरक़रार हैं। वहीं साउथ अफ़्रीका के वियान मुल्डर और कॉर्बिन बॉश ने ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ़ बुलावायो टेस्ट में गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन कर ऑलराउंडर्स की रैंकिंग के शीर्ष-20 में प्रवेश कर लिया है।

## निशानेबाजी

# भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में अंजुम और सौरभ



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन निशानेबाज अंजुम मौदगिल और सौरभ चौधरी हाल में देहरादून में राइफल और पिस्टल के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन और चार में अच्छे प्रदर्शन के बाद विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मेहुली घोष के साथ भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हो गए हैं।

भारत की शीर्ष महिला राइफल निशानेबाज और दो बार की ओलंपियन अंजुम अंतरराष्ट्रीय सत्र के पहले हिस्से में शिरकत नहीं कर पाई थीं, जिसमें तीन विश्व कप शामिल थे। लेकिन 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन के बूते वह ग्रुप ए (भारतीय टीम में चयन योग्य) के लिए एनआरएआई (भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ) की ताजा घरेलू रैंकिंग सूची में शीर्ष तीन में शामिल हो गई हैं। विश्व रिकॉर्ड धारी सिफत कौर सामरा (593.38 के औसत से) देश की शीर्ष रैंकिंग वाली थ्री पी महिला निशानेबाज बनी हुई हैं, उनके बाद आशी चौकसे (592.25) और अंजुम (591.68) का स्थान है। श्रीयंका (589.90), मेहुली (588.58) और सुरभि भारद्वाज (588.08) शीर्ष छह में मौजूद हैं।

### सौरभ 10 मीटर एयर पिस्टल में नंबर-1 भारतीय

एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी (583.93 के औसत) पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत के नंबर एक निशानेबाज बन गए हैं। उनके बाद आदित्य मालरा (582.75) और अनमोल जैन (582.33) हैं। अमित शर्मा (582), निशांत रावत (582) और सम्राट राणा (581.45) क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं। 2024 एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता मेहुली 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजों में 633.65 के औसत के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। उनके बाद एलावेनिल वलारिवन (633.28) और अनन्या नायडू (632.83) हैं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में सुरुचि 588.25 के औसत स्कोर के साथ पहले स्थान पर हैं। पेरिस ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर और सुरभि राव दोनों ने ट्रायल के बाद 578 का औसत स्कोर किया। मनु 588.65 के औसत स्कोर के साथ 25 मीटर पिस्टल रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। अनीश भानवाला 581.25 के औसत के साथ 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के शीर्ष निशानेबाज हैं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में मौजूदा एशियाई चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल 633.98 के औसत के साथ शीर्ष पर हैं।

# महिला टी20: अमनजोत और रोड्रिग्स ने लगाया अर्धशतक, दिलाई भारत को शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने इस तरह से मंगलवार की रात को मिली जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पिछले सप्ताह पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था।

अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन का योगदान दिया, जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।



### भारत की पारी की शुरुआत खराब रही

स्पिनरों की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में 7 विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही। जेमिमा और अमनजोत ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमारे लिए जीत का मंच तैयार हुआ।'

**छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर**
**अपेक्स बैंक (Apex Bank)**
मुख्यालय "सहकार भवन", प्लॉट नं.- 74, सेक्टर- 24, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) - 492002

मुख्यालय / प्रकाशन सूचना क्रमांक / 1560 दिनांक 02.07.2025

**रुचि की अभिव्यक्ति**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) की रायगढ़ एवं जशपुर जिले में स्थित 13 शाखाओं के ऑडिट के लिए पंजीयक सहकारी संस्थाएं छ.ग. द्वारा इम्पैनल अधिसूचित संपरीक्षक / संपरीक्षा फर्म पैनल (चार्टर्ड अकाउण्टेंट) से बैंक की 13 शाखाओं के 04 वर्षो का ( 2021-22 से 2024-25 तक ) ऑडिट हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती हैं, जिनके द्वारा अपेक्स बैंक का पिछले 05 वित्तीय वर्ष (2021-22 से 2024-25 तक ) में Statuory/ Concurrent Audit नहीं किया गया हो। रुचि की अभिव्यक्ति दिनांक 12.07.2025 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत दिशा-निर्देश बैंक मुख्यालय के कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

(के. एन. कान्डे)
प्रबंध संचालक



# फर्जी किडनैपिंग का पर्दाफाश : नई दुल्हन हनीमून पर करने वाली थी पति की हत्या!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल


मध्य प्रदेश के शिवपुरी शहर के मेडिकल कॉलेज से सोमवार दोपहर हुई नवविवाहिता के कथित अपहरण की कहानी पूरी तरह से झूठी साबित हुई। पुलिस जांच, सीसीटीवी फुटेज और परिजनों से हुई पूछताछ के बाद यह खुलासा हुआ कि यह मामला न तो अपहरण का था और न ही जबरन ले जाने का बल्कि यह एक सोची-समझी प्रेम कहानी और पारिवारिक साजिश का नतीजा था। इस पूरे घटनाक्रम में नया मोड़ उस वक्त आया जब नवविवाहिता के पति अनिकेत ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी प्रीति उसे शादी के तुरंत बाद हनीमून पर राजस्थान के खाटूश्याम ले जाकर उसकी हत्या करने की योजना बना चुकी थी, लेकिन जब उसने साथ जाने से इनकार कर दिया, तो पत्नी ने 'अपहरण' की झूठी कहानी रच डाली।

रामनगर निवासी 20 वर्षीय प्रीति परिहार का बचपन संघर्षों से भरा रहा। मां का निधन हो चुका था और पिता शराबी थे। ऐसे में ताई मिथलेश परिहार ने उसे मां की तरह पाला, पढ़ाया और उसकी शादी कराई। लेकिन प्रीति को यह शादी मंजूर नहीं थी और मिथलेश को डर था कि प्रीति ने कुछ गलत कर लिया तो सामाजिक बदनामी होगी। इसके चलते मिथलेश ने सोमवार को कोतवाली पहुंचकर बेटी के 'अपहरण' की कहानी रच डाली।

## नवविवाहिता के कथित अपहरण की कहानी पूरी तरह से झूठी साबित हुई

### प्रेम संबंध और बदनामी के कारण खेला नाटक

सीसीटीवी सामने आने के बाद मिथलेश टूट गईं और पूरी साजिश स्वीकार कर ली। उन्होंने बताया कि यह 'अपहरण' नहीं बल्कि प्रीति के प्रेमी अमन कश्यप के साथ भागने की योजना थी, जिसे समाज और बदनामी से बचाने के लिए 'किडनैपिंग' की शक्ल दे दी गई। मिथलेश ने स्वीकारा कि इस साजिश में उनका बेटा दीपक परिहार भी शामिल था, जो घटना के दिन शिवपुरी में ही मौजूद था।



### हनीमून पर ले जाकर हत्या की रची थी साजिश

घटना में सबसे चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब प्रीति के पति अनिकेत ने पुलिस को बताया कि शादी के चंद दिन बाद प्रीति ने हनीमून के लिए राजस्थान चलने का आग्रह किया था। वह उसे खाटूश्यामजी मंदिर ले जाना चाहती थी। लेकिन जब उसने व्यस्तता का हवाला देकर इनकार किया, तो प्रीति नाराज होकर 15 जून को मायके चली गई और फिर नहीं लौटी। अनिकेत को शक है कि प्रीति उसे वहां ले जाकर हत्या करने की योजना बना चुकी थी, और जब उसका प्लान फेल हो गया, तो उसने दूसरी कहानी 'अपहरण' रच डाली।

## खबर संक्षेप

### भारत ब्रिक्स के लिए प्रतिबद्ध : मोदी


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील समेत पांच देशों की एक



सप्ताह की यात्रा के लिए रवाना होते समय बुधवार को कहा कि भारत उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में ब्रिक्स को लेकर प्रतिबद्ध है।

### साइबर धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति से 10.80 लाख की धोखाधड़ी के आरोप में झारखंड के



जामताड़ा से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। संदेह से बचने और स्थानीय लोगों की तरह दिखने के लिए पुलिस की एक टीम ने आदिवासी पोशाक पहनकर आरोपियों की टोह ली।

समूह ने किया बिना किसी देरी के हमले के आयोजकों और दोषियों को न्याय के कटघरे में खड़ा करने का आह्वान

# पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान के खिलाफ क्वाड देशों का खुला शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में बीते मंगलवार को चतुष्कोणीय देशों के समूह 'क्वाड' के विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसकी सबसे खास बात ये रही कि इसमें पहली बार अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर, जापान के विदेश मंत्री तकाशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग ने एकजुटता के साथ न केवल जम्मू-कश्मीर में हुए पाकिस्तान प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। बल्कि इस बर्बर हमले के आयोजकों, गुनहगारों और वित्तीय मददगारों को बिना एक पल गंवाए न्याय के कटघरे में खड़ा करने का आह्वान किया। इसके अलावा चारों समूह देशों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सदस्य देशों से भी मामले पर अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की।

## चीन को सख्त संदेश, पूर्वी-दक्षिणी चीन सागर में सैन्य बल प्रयोग से न बदली जाए यथास्थिति

### बयान में पाकिस्तान के नाम का जिक्र नहीं

संयुक्त बयान में क्वाड विदेश मंत्रियों ने दो चीजों से परहेज किया है। जिसमें पहला, उन्होंने पाकिस्तान का नाम सहित उल्लेख नहीं किया और दूसरा, पहलगाम हमले के जवाब में की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई जो चार दिनों तक चली थी। उसके बारे में भी कुछ नहीं कहा गया। लेकिन आतंकी हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति क्वाड के विदेश मंत्रियों ने अपनी संवेदनाएं प्रकट की और सभी घायलों के जल्द ही पूरी तरह से स्वस्थ होने की कामना की है। सीमा पार आतंकवाद के साथ ही इसके सभी रूपों और हिंसक चरमपंथ की क्वाड ने भर्त्सना की। साथ ही आतंकवाद से मुकाबले को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



### म्यांमार संकट के शांतिपूर्ण समाधान के पक्षधर

बैठक में म्यांमार के बेहद चिंताजनक संकट और उसके क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंता जाहिर की गई। चारों देशों के विदेश मंत्रियों ने म्यांमार के मौजूदा सैन्य शासन से संघर्षविराम की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहने, सभी पक्षों से इसका क्रियान्वयन करने और मामले पर व्यापक कदम उठाने पर बल दिया। क्वाड ने आसियान के प्रयासों का समर्थन किया। जिसमें इस संकट का एक समावेशी, स्थायी और शांतिपूर्ण हल निकालने के लिए पांच बिंदुओं पर आधारित आम सहमति बनाने को मजबूती के साथ समर्थन प्रदान किया गया।

### क्वाड ने दी चीन को चेतावनी

समूह देशों ने बैठक में पूर्वी और दक्षिणी चीन सागर में बढ़ती चीन की आक्रामकता के खिलाफ भी गंभीर रूप से चिंता जाहिर की। साथ ही उसे सख्त संदेश देते हुए कहा कि इस समुद्री क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने की किसी भी एकतरफा कार्रवाई का कड़े अंदाज में विरोध किया जाएगा। क्वाड की यह टिप्पणी चीन का प्रत्यक्ष रूप से नाम लिए हुए बगैर की गई। अमेरिका, भारत, जापान व ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने अपने साझा बयान में विशेष तौर पर कुछ शब्दों का प्रयोग किया। जिसमें खतरनाक, भड़काऊ कदम मुख्य हैं। इसी में अपतटीय संसाधनों के विकास में दखल, क्षेत्र में समुद्री-हवाई आवाजाही की स्वतंत्रता में लगातार दखल और सैन्य विमानों, तटरक्षकबल और समुद्री मिलिशिया के खतरनाक एक्शन भी शामिल हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में क्वाड ने कहा कि दक्षिणी चीन सागर में वाटर कैनन के असुरक्षित इस्तेमाल और इलाके को बाधित करने वाले कदमों को क्षेत्र की शांति, स्थिरता के खिलाफ खतरा माना जाएगा।

# 'किसका साथ, किसका विकास', राहुल ने विदेशी खाद पर घेरा मोदी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने किसानों के मुद्दे पर मोदी



सरकार को घेरते हुए तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने एक गंभीर मुद्दे को उठाते हुए कहा है कि भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान को माना जाता है। आज यही किसान विदेशी खाद पर निर्भरता के कारण संकट में है। उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए मोदी सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला।

### चीन पर निर्भरता और नया संकट

राहुल गांधी ने कहा कि भारत अपनी जरूरत के 80% "स्पेशियलिटी फर्टिलाइजर" चीन से मंगाता है और अब चीन ने इस सप्लाई को रोक दिया है। पहले ही यूरिया और डीएपी जैसी खादों की कमी से किसान जूझ रहे थे, अब इस चीनी आपूर्ति संकट ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

### प्रचार बनाम जमीनी हकीकत

कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि वे तो खाद की बोरियों पर अपनी तस्वीरें छपवाने में लगे हैं, जबकि देश का किसान 'मेड इन चाइना' पर निर्भर होता जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि अब क्या किसान अपनी ही जमीन पर दूसरों का मोहताज रहेगा?

ट्रंप के प्रस्ताव पर हमास की प्रतिक्रिया

# 'संघर्ष विराम के लिए तैयार लेकिन पूरी तरह खत्म हो युद्ध'

एजेंसी ▶▶| गाजा

हमास ने संकेत दिया कि वह इस्राइल के साथ युद्धविराम के लिए तैयार है, लेकिन उसने अमेरिकी समर्थित उस प्रस्ताव को सीधे तौर पर स्वीकार नहीं किया है, जिसका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ घंटे पहले ही एलान किया था। हमास ने फिर



से अपना पुराना रुख दोहराया और कहा कि वह ऐसा कोई समझौता तभी मानेगा, जब उससे गाजा में चल रहा युद्ध पूरी तरह खत्म हो। राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इस्राइल 60 दिनों के युद्धविराम पर सहमत हो गया है और अब यह हमास पर निर्भर है कि वह हालात और बिगड़ने से पहले प्रस्ताव को स्वीकार करे।

ट्रंप इस्राइल और हमास दोनों पर दबाव बना रहे हैं कि वे युद्धविराम और बंधकों के मुद्दे पर कोई समझौता करें, ताकि यह युद्ध खत्म हो सके। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यह 60 दिन का समय युद्ध को पूरी तरह खत्म करने की कोशिशों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।हालांकि इस्राइल का कहना है कि वह युद्ध तभी खत्म करेगा, जब हमास पूरी तरह से पराजित हो जाएगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि यह समझौता संभवतः अगले हफ्ते तक तय हो सकता है। लेकिन हमास की प्रतिक्रिया ने इस प्रस्ताव पर संदेह पैदा कर दिए हैं। हमास ने फिर से दोहराया कि वह केवल तभी इस समझौते को मानेगा, जब उससे युद्ध का पूरी तरह से अंत हो।

### इस्राइल और हमास में युद्ध खत्म करने के तरीके पर मतभेद

करीब 21 महीनों से जारी इस युद्ध के दौरान इस्राइल और हमास के बीच कई बार युद्धविराम वार्ता हुई है, लेकिन हर बार यह इस बात पर अटक गई कि क्या युद्ध का अंत समझौते का हिस्सा होना चाहिए या नहीं। हमास का कहना है कि वह बाकी बचे हुए 50 बंधकों को छोड़ने के लिए तैयार है, जिनमें से आधे से कम के जीवित होने की संभावना है, लेकिन बदले में उसे इस्राइल को पूरी तरह से गाजा से हटाना होगा और युद्ध को समाप्त करना होगा।

### गाजा में हमास की मौजूदगी नहीं चाहता इस्राइल

इस्राइल की शर्त यह है कि वह युद्धविराम तब तक नहीं मानेगा, जब तक हमास आत्मसमर्पण नहीं करता, अपने हथियार नहीं डालता और खुद को गाजा से हटा नहीं लेता और हमास इसके लिए बिल्कुल तैयार नहीं है। इस्राइल के एक अधिकारी ने बताया कि ताजा प्रस्ताव के तहत 60 दिन का एक समझौता होगा, जिसमें इस्राइल आंशिक रूप से गाजा से पीछे हटेगा और वहां मानवीय मदद बढ़ाई जाएगी। मध्यस्थ और अमेरिका यह आश्वासन देंगे कि युद्ध खत्म करने को लेकर बातचीत होगी, लेकिन इस्राइल इस समय युद्ध समाप्त करने की बात पर सहमत नहीं है। इस अधिकारी ने मीडिया से इस योजना के बारे में बात करने की अनुमति न होने की वजह से नाम न जाहिर करने की शर्त पर जानकारी दी।

### युद्ध का सुनिश्चित अंत चाहता है हमास

हमास के एक अधिकारी ताहिर अल-नूनू ने कहा कि उनका पक्ष एक समझौते पर पहुंचने के लिए तैयार और गंभीर है। उन्होंने यह भी कहा कि हमास ऐसी किसी भी पहल को स्वीकार करने को तैयार है, जिससे युद्ध का पूरी तरह से अंत सुनिश्चित हो। मिस्र के एक अधिकारी के मुताबिक, हमास का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को काहिरा में मिस्र और कतर के मध्यस्थों से इस प्रस्ताव पर चर्चा करेगा। इस अधिकारी ने पहचान उजागर न करने की शर्त पर बात की, क्योंकि उसे मीडिया से इस विषय में बात करने की इजाजत नहीं थी।

# मैं ही रहूंगा 5 साल सीएम, सिद्धारमैया के दावे पर बोले डीके- मेरे पास क्या ही विकल्प

एजेंसी:बेंगलुरु

कर्नाटक कांग्रेस को में अब सबकुछ सही हो चुका है। पहले जरूर ऐसे कयास लग रहे थे कि सत्ता परिवर्तन हो सकते है, डीके शिवकुमार के समर्थक भी उत्साहित दिखाई दे रहे थे। लेकिन अब बुधवार को सुरजेवाला के कर्नाटक आते ही सबकुछ साफ हो चुका है। सिद्धारमैया ही पांच सालों तक मुख्यमंत्री रहने वाले हैं, वहीं डीके शिवकुमार को अभी सीएम बनने के लिए और इंतजार करना पड़ेगा।



सीएम सिद्धारमैया ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि हां मैं ही सीएम रहने वाला हूं, आपको इस बात पर संदेह क्यों है। इसके बाद डीके शिवकुमार ने भी अपनी तरफ से बोल दिया कि उनके पास कोई विकल्प नहीं है, वे सिद्धारमैया का ही समर्थन करने वाले हैं।

### रोटेशनल सीएम को लेकर क्या बात?

वैसे जब कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी थी, ऐसा दावा हुआ था कि शिवकुमार को मनाने के लिए रोटेशनल सीएम की बात हुई थी, यानी कि ढ़ाई साल सिद्धारमैया और ढ़ाई साल डीके शिवकुमार। पार्टी इस फॉर्मूले को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा था, लेकिन माना गया कि इसी वजह से डीके राजी हुए थे। लेकिन अब सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार ने कह दिया है कि कोई सत्ता परिवर्तन नहीं होने वाला है।

### क्यों हो रही थी सत्ता परिवर्तन की बात?

अब इन सत्ता परिवर्तन की अटकलों को भी बल इसलिए मिला था क्योंकि कांग्रेस विधायक इकबाल हुसैन का सत्ता परिवर्तन को लेकर दिया गया बयान सुर्खियों में आ गया था। एक बयान में उन्होंने कहा था कि हाईकमान के मन में कुछ तो बड़ा चल रहा है, पूरी संभावना है कि सत्ता परिवर्तन हो सकता है। उसी दावे के बाद से कांग्रेस के अंदर ही असमंजर की स्थिति बन गई थी और अलग-अलग बातें जोर पकड़ रही थीं।

# रथों को मोड़ने के साथ भगवान जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' के लिए तैयारियां शुरू

एजेंसी ▶▶| पुरी

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने पुरी जिला प्रशासन और पुलिस की मदद से बुधवार को 'हेरा पंचमी' अनुष्ठान पूरा होने के एक दिन बाद भगवान जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' (वापसी रथयात्रा) की तैयारियां शुरू कीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एसजेटीए अधिकारी ने बताया कि बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं को श्री गुंडिचा मंदिर में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और



भगवान जगन्नाथ के दर्शन सुचारू रूप से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पांच जुलाई को 'बहुड़ा यात्रा' के लिए रथों को दक्षिण दिशा की ओर मोड़ने (दखिना मोड़ा) की तैयारी चल रही है।

### हेरा पंचमी की रस्म निभाई

मंगलवार रात को हेरा पंचमी की रस्म निभाई गई, जब भगवान जगन्नाथ की पत्नी मां लक्ष्मी रथयात्रा में न ले जाने से नाराज और अपमानित होकर श्री गुंडिचा मंदिर पहुंचीं। मां लक्ष्मी इसलिए नाराज थीं, क्योंकि भगवान जगन्नाथ ने उन्हें नहीं, बल्कि अपने भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा को रथ यात्रा में ले गए थे। क्रोधित होकर मां लक्ष्मी ने भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ का एक हिस्सा तोड़ दिया और एक औपचारिक जुलूस के रूप में मुख्य मंदिर में लौट आईं।

### प्रेमी ने लॉज में की प्रेमिका की हत्या


**ब्रह्मपुर।** ओडिशा के ब्रह्मपुर शहर में एक प्रेमी ने लॉज में बुलाने के बाद प्रेमिका की कथित तौर पर हत्या कर दी और बाद में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रिया कुमारी मोहराना के रूप में हुई है, जबकि आरोपी की पहचान अभय कुमार मोहराना (24) के रूप में हुई है। वह ब्रह्मपुर के लांजीपल्ली इलाके का निवासी है। पुलिस के अनुसार, अभय ने न्यू बस स्टैंड के पास एक लॉज में मंगलवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे प्रवेश किया था। प्रिया थोड़ी देर बाद पहुंची थी। दोनों ने कुछ समय साथ बिताया था। उसके बाद अभय ने अपराह्न तीन बजे के आसपास कई बार चाकू से उस पर वार किया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद आरोपी अपने हाथ पर लगी चोट का इलाज कराने सिटी अस्पताल गया। वहां से वह गोसानिनुआगांव पुलिस थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस को संदेह है कि अभय ने शादी को लेकर हुए विवाद में अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। ब्रह्मपुर के पुलिस अधीक्षक सरवण विवेक एम. ने कहा, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हम कारण की जांच कर रहे हैं। हमने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वे इस लॉज में तीन बार जा चुके थे।

# भोजन में अनाज, दाल का अनुपात घटा, दूध उत्पादों की खपत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में खाने में अनाज और दाल का अनुपात कम हुआ है जबकि दूध और उसके उत्पादों की खपत बढ़ी है। सरकार के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। अध्ययन के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में 2023-24 में अनाज और दालों का सेवन कम हुआ है, जबकि दूध और उसके उत्पादों की खपत में वृद्धि हुई है। घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अंडे, मछली और मांस की खपत में वृद्धि हुई है। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में इनका अनुपात स्थिर रहा है। यह व्यय सर्वेक्षण अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 और अगस्त, 2023 से जुलाई, 2024 के दौरान किए गए हैं। अध्ययन के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में खपत में अनाज का अनुपात 2022-23 में 38.8 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 38.7 प्रतिशत रह गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के मामले में, अनुपात 46.9 प्रतिशत से घटकर 45.9 प्रतिशत रहा। दालों के मामले में शहरी क्षेत्रों में खपत का अनुपात 9.6 प्रतिशत से घटकर 9.1 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 8.8 प्रतिशत से घटकर 8.7 प्रतिशत पर आ गया। दूसरी तरफ, शहरी क्षेत्रों में आहार में दूध और उसके उत्पादों का अनुपात 12.8 प्रतिशत से बढ़कर 12.9 प्रतिशत हो गया, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 10.6 प्रतिशत से बढ़कर 11 प्रतिशत हो गया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com